


# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर-हिंदी दैनिक समाचार पत्र





जटाधारा से पहले सोनाक्षी सिन्हा की निकिता रॉय :- पेज 8

लोकपाल के आदेश के खिलाफ अदालत जाऊंगा:- पेज 8



वर्ष : 01 | अंक: 18 | सोमवार- 21 अप्रैल 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 4 रुपए


## आदित्यनाथ का अधिकारियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जाने, राहत कार्य पर नजर रखने के निर्देश

**लखनऊ (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश,प्रभावित जिले के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी प्रभावित इलाकों में जाएं तथा राहत कार्य पर नजर रखें। राज्य में पिछले कई दिनों में आंधी और बारिश हुई है।



बयान के अनुसार योगी ने कहा कि बिजली गिरने, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि दी जाए साथ ही घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अधिकारी फसल नुकसान का आकलन करते हुए रिपोर्ट शासन को भेजें, ताकि इस सम्बन्ध में कार्रवाई की जा सके।

### जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने लोगों से हर समस्या को सुलझाने का वादा किया

**गोरखपुर (उप्र) (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी समस्याएं लेकर रविवार को उनसे मिलने आए लोगों को आश्वासन दिया कि वह उनकी हर समस्या का समाधान करेंगे। आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के लगातार दूसरे दिन करीब 300 लोगों से बातचीत के दौरान यह आश्वासन दिया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आदित्यनाथ ने लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समाधान त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए आर्थिक मदद मांगने वाले लोगों से कहा कि किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति के इलाज में पैसे की कमी बाधा नहीं बनेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में खर्च का आकलन की रिपोर्ट सरकार को भेजी जाए ताकि इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से धनराशि जारी की जा सके।

■ **आदित्यनाथ ने की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए**

## संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल सरकार कांग्रेस की सरकारों में सबसे भ्रष्ट: नड्डा



**धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) (एजेंसी)** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रमुख जे पी नड्डा ने रविवार को आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश सरकार देश की कांग्रेस सरकारों में सबसे भ्रष्ट है। धर्मशाला में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने नेशनल हेराल्ड को करोड़ों रुपये के विज्ञापन दिए हैं, जिसका प्रकाशन तक नहीं हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, हिमाचल सरकार देश की कांग्रेस सरकारों में सबसे भ्रष्ट है और वित्तीय कुप्रबंधन में सबसे ऊपर है।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री ने जीपीएस से लैस 1,111 टैंकरों को हरी झंडी दिखाई



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गर्मियों के दौरान शहर में जलापूर्ति बढ़ाने के लिए रविवार को लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम से लैस 1,111 टैंकरों को हरी झंडी दिखाई। इस प्रणाली के जरिये दिल्ली जल बोर्ड मुख्यालय से आईटी डैशबोर्ड पर टैंकरों पर नजर रखी जा सकेगी। दिल्ली में भाजपा सरकार के 60 दिन पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह के दौरान गुप्ता ने कहा, यह पूर्ण पारदर्शिता की दिशा में उठाया गया कदम है। यह अंतिम समाधान नहीं है, हम प्रत्येक निवासी को नल से जल उपलब्ध कराने के लिए एक नयी नगर योजना पर काम करेंगे। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री प्रवेश वर्मा, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा सांसद और विधायक भी उपस्थित थे। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने बजट में जल क्षेत्र के लिए 9,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा, हमने सीवर ओवरफ्लो से निपटने के लिए पूरे शहर में 50 सुपर सकर मशीन तैनात की हैं। पिछली सरकार ने केवल दो ऐसी मशीनें खरीदी थीं।

## 2027 के उप्र चुनावों में भी इंडिया गठबंधन जारी रहेगा: अखिलेश

**प्रयागराज (एजेंसी)** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में विपक्षी इंडिया गठबंधन जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह वक्फ (संशोधन) कानून के जरिए माफिया की तरह जमीन हड़पने की कोशिश कर रही है। यादव ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) राज्य से भाजपा को उखाड़ फेंकेगा।

जब उनसे इंडिया गठबंधन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने दोहराया, इंडिया गठबंधन (मौजूदा) है और रहेगा।

उन्होंने कहा, भाजपा वक्फ संशोधन कानून लेकर आई है ताकि वह जमीन छीन सके। जहां भी उन्हें जमीन दिखती है, वे उस पर कब्जा कर लेते हैं। उन्होंने भाजपा को भू-माफिया पार्टी करार दिया। यादव ने सत्तारूढ़ पार्टी पर नोटबंदी और जीएसटी (माल एवं सेवा कर) के जरिए लोगों का पैसा छीनने और आरक्षण के अधिकार को कम करने का आरोप लगाया।

यादव ने प्रयागराज में महाकुंभ के आयोजन के संबंध में भाजपा की कार्यप्रणाली की भी आलोचना की तथा वादा किया कि यदि उनकी पार्टी सत्ता



में आई तो कुप्रबंधन की जांच कराई जाएगी। सपा प्रमुख ने दावा किया कि सरकार ने घटना के दौरान हताहतों की संख्या और वित्तीय लाभ के बारे में गलत आंकड़े दिए, और आरोप लगाया कि जनवरी में भगदड़ के दौरान ड्रोन और सीसीटीवी निगरानी विफल रही।

यादव ने दावा किया, जिस समय (भगदड़ के समय) ड्रोन और सीसीटीवी की सबसे अधिक जरूरत थी, उस समय ये या तो बंद थे या बंद करा दिए गए थे। इन्होंने संगम नोज पर भगदड़ में मारे गए लोगों की सही संख्या नहीं बताई और मृत्यु के कारण बदलने के लिए परिजनों पर दबाव बनाया।

राणा सांगा पर सपा सांसद रामजी लाल सुमन के बयान को लेकर पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा, जो इतिहास एक दूसरे को ऊंच- नीचा दिखाए, जो इतिहास हमारी प्रगति को रोकता हो, उस इतिहास को इतिहास ही रहने देना चाहिए।

### जद(यू)-भाजपा गठबंधन अवसरवादी है : खरगे

बक्सर (बिहार), (एजेंसी) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्तारूढ़ गठबंधन को रविवार को अवसरवादी करार देते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार केवल कुर्सी के लिए पाला बदलते हैं। खरगे ने यहां डलसागर स्टेडियम में पार्टी की जय बापू, जय भीम और जय संविधान रैली को संबोधित करते हुए बिहार के लोगों से इस साल के उत्तरार्द्ध में होने वाले विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को सत्ता से बाहर करने की अपील की। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया, नीतीश कुमार और भाजपा के बीच गठबंधन अवसरवादी है। यह राज्य के लोगों के लिए अच्छा नहीं है। नीतीश कुमार सिर्फ कुर्सी (मुख्यमंत्री पद) के लिए पाला बदलते हैं। जदयू प्रमुख ने महात्मा गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा से हाथ मिला लिया है।




## भागवत ने एक मंदिर, एक कुआं और एक श्मशान भूमि के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया

**अलीगढ़ (उप्र) (एजेंसी)** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने एक मंदिर, एक कुआं और एक श्मशान भूमि के आदर्शों को अपनाकर सामाजिक सद्भाव के लिए प्रयास करने का आह्वान किया है। संघ प्रमुख अलीगढ़ के पांच दिवसीय दौरे पर हैं।

भागवत ने एच.बी. इंटर कॉलेज और सासनी गेट इलाके में पंचन नगरी पार्क में आयोजित दो शाखाओं में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए हिंदू समाज के सदस्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया है, जिसे केवल समरसता के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने इसके लिए सामाजिक सद्भाव पर जोर दिया।

आरएसएस सूत्रों के अनुसार भागवत ने हिंदू समाज की आधारशिला के रूप में संस्कार के महत्व को रेखांकित किया और सदस्यों से परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और नैतिक सिद्धांतों पर आधारित समाज बनाने का आग्रह किया। उन्होंने आरएसएस सदस्यों से समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने और उन्हें अपने घरों में आमंत्रित करने की वकालत की ताकि जमीनी स्तर पर सद्भाव और एकता का संदेश फैलाया जा सके।

भागवत ने कहा कि परिवार समाज की मूलभूत इकाई है, जो संस्कार से प्राप्त मजबूत पारिवारिक मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने राष्ट्रवाद और सामाजिक एकता की नींव को मजबूत करने के लिए



■ **भागवत ने हिंदू समाज की आधारशिला के रूप में संस्कार के महत्व को रेखांकित किया और सदस्यों से परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और नैतिक सिद्धांतों पर आधारित समाज बनाने का आग्रह किया**

त्योहारों के सामूहिक उत्सव को प्रोत्साहित किया।

सत्रह अप्रैल से शुरू हुए अपने पांच दिवसीय दौरे के दौरान आरएसएस प्रमुख बृज क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के आरएसएस प्रचारकों से प्रतिदिन मिल रहे हैं और उनके साथ विचारों का आदान-प्रदान कर रहे हैं।

## हापुड़: विवाहिता ने पति पर महिला पुलिस कर्मी से दूसरी शादी करने का आरोप लगाया, मामला दर्ज

**हापुड़ (उप्र) (एजेंसी)** हापुड़ जिले में एक विवाहिता ने अपने पति पर एक महिला पुलिस हेड कांस्टेबल (मुख्य आरक्षी) के साथ मंदिर में दूसरी शादी करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

हापुड़ थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) मनोज कुमार बालियान ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि महिला हेड कांस्टेबल हापुड़ जिले के थाना हाफिजपुर में तैनात थी। शिकायतकर्ता ग्राम रसूलपुर बहलोलपुर निवासी नेहा ने तहरीर में कहा कि उसकी शादी 16 फरवरी 2025 को गांव गजालपुर के रहने वाले नवीन कुमार से हुई थी और विवाह के कुछ दिनों बाद ही उसे पता चला कि नवीन का हापुड़ में ही तैनात महिला मुख्य आरक्षी के साथ संबंध है।

## निशिकांत दुबे के विरूद्ध अवमानना कार्यवाही की सहमति मांगी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** वक्फ अधिनियम मामले में एक वादी का प्रतिनिधित्व करने वाले उच्चतम न्यायालय के एक अधिवक्ता ने अटॉर्नी जनरल (एजी) आर वेंकटरमण को पत्र लिखकर शीर्ष अदालत की गरिमा को घटाने की मंशा से की गयी ह्यबेहद निंदनीयह्न टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने की सहमति मांगी है। एक दिन पहले ही दुबे ने शीर्ष अदालत



को निशाना बनाते हुए कहा था कि यदि उच्चतम न्यायालय को ही कानून बनाना है तो संसद एवं विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। उन्होंने प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना पर निशाना साधते हुए उन्हें देश में गृहयुद्ध के लिए जिम्मेदार ठहराया था। अटॉर्नी जनरल को लिखे पत्र में अधिवक्ता अनस तनवीर ने कहा कि दुबे की टिप्पणी बेहद अपमानजनक और खतरनाक रूप से भड़काऊह्न है। तनवीर ने पत्र में कहा है, मैं यह पत्र न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 की धारा 15(1)(बी) तथा उच्चतम न्यायालय अवमानना कार्यवाही विनियम नियमावली, 1975 के नियम 3(सी) के तहत झारखंड के गोड्डा संसदीय क्षेत्र से माननीय लोकसभा सदस्य श्री निशिकांत दुबे के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने के लिए आपकी सहमति विनम्रतापूर्वक मांगने के लिए लिख रहा हूं, क्योंकि उन्होंने सार्वजनिक रूप से ऐसे बयान दिए हैं जो बेहद निंदनीय, गुमराहपूर्ण हैं और उसका उद्देश्य भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय की गरिमा और अधिकार को कम करना है।

## कानून मंत्रालय ने केंद्र सरकार से जुड़े मुकदमों में कमी लाने पर जोर दिया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** कानून मंत्रालय ने केंद्र सरकार से जुड़े मुकदमों की संख्या में कमी लाने की अहमियत को रेखांकित किया है। उसने कहा है कि जनहित में लिए गए फैसलों के अप्रभावी क्रियान्वयन से मुकदमों का बोझ बढ़ सकता है, क्योंकि इनके लाभ से वंचित लक्षित लाभार्थी कानून का सहारा ले सकते हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, केंद्र सरकार विभिन्न अदालतों में लंबित लगभग सात लाख मामलों में पक्षकार है।

मुकदमेबाजी के कुशल प्रबंधन पर केंद्रीय कानून मंत्रालय के एक दस्तावेज के अनुसार, विभिन्न फैसलों और कार्रवाइयों का मकसद जनहित और बेहतर प्रशासन को बढ़ावा देना है। दस्तावेज में कहा गया है, कभी-कभी इन फैसलों के अप्रभावी क्रियान्वयन से लक्षित लाभार्थी वंचित रह जाते हैं या अपात्र लाभार्थी लाभान्वित हो जाते हैं।

इसमें केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की ओर से फैसलों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के महत्व पर प्रकाश डाला गया है।

दस्तावेज में कहा गया है कि कानून मंत्रालय के विधि मामलों के विभाग ने भारत सरकार से जुड़े मुकदमों के कुशल एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए हैं, जिनका मकसद ऐसे मामलों की संख्या में कमी लाना और उनकी रोकथाम करना है।

इसमें स्पष्ट किया गया है कि सभी केंद्रीय मंत्रालयों के लिए इन दिशा-निदेर्शों पर अमल करना अनिवार्य है। दस्तावेज के मुताबिक, अदालतों में अनावश्यक अपील की संख्या में कमी लाना और अधिसूचनाओं एवं आदेशों में विसंगतियोंह्व को दूर करना केंद्र सरकार पर मुकदमों का बोझ घटाने के लिए कानून मंत्रालय की ओर से सुझाए गए प्रमुख उपायों में शामिल है। कानून मंत्रालय ने फरवरी में राज्यसभा को बताया था कि केंद्र सरकार विभिन्न अदालतों में लंबित लगभग सात लाख मामलों में पक्षकार है, जिनमें से लगभग दो लाख मामलों में अकेले वित्त मंत्रालय ही पक्षकार है।

**हैल्थ रिपोर्ट**

सर्वेक्षण में पाया गया कि 72 प्रतिशत देशों ने स्कूल परिसरों में खाद्य विपणन पर कुछ सीमाएं लगाने की बात स्वीकार की है

## 'केवल 60 प्रतिशत देशों में ही हैं स्कूलों में भोजन एवं पेय संबंधी कानून'

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** यूनेस्को की ग्लोबल एजूकेशन रिपोर्ट (जीईएम) में खुलासा किया गया है कि केवल 60 प्रतिशत देशों में ही स्कूलों में भोजन और पेय पदार्थों को विनियमित करने वाले कानून और मानक हैं। यह रिपोर्ट लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन की अगुवाई वाले स्कूल स्वास्थ्य एवं पोषण अनुसंधान कंसोर्टियम के साथ साझेदारी में प्रकाशित की गई है, जो स्कूल मील्स कोलिशन की अनुसंधान पहल है।

ग्लोबल एजुकेशन रिपोर्ट (जीईएम) में कहा गया है, 187 देशों में से केवल 93 देशों में ही स्कूल के भोजन और पेय पदार्थों पर कानून, अनिवार्य मानक या निर्देश हैं। हालांकि, इन 93 देशों में से केवल 29 प्रतिशत ने स्कूलों में खाद्य और पेय पदार्थों के विपणन को प्रतिबंधित करने के उपाय किए हैं तथा केवल 60 प्रतिशत देशों में ही खाद्य और पेय पदार्थों को विनियमित करने वाले मानक हैं। जीईएम टीम ने कहा कि निम्न और मध्यम आय वाले 30 देशों में स्कूल-आधारित खाद्य और पोषण शिक्षा के सर्वेक्षण-आधारित मूल्यांकन से पता चला कि इसका (खाद्य एवं पोषण शिक्षा का) स्कूल प्रणाली के साथ एकीकरण, एक स्वतंत्र विषय या पूरे पाठ्यक्रम के बजाय, ज्यादातर पाठ्येतर या परियोजना-आधारित गतिविधियों के



माध्यम से हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया, 28 देशों में से केवल तीन में ही नियमित रूप से मूल्यांकन किया गया और उनका उपयोग किया गया। मूल्यांकन जानकारी में भोजन और पोषण, ज्ञान, भोजन पद्धति, पोषण की स्थिति, आदतों और आहार के बारे में दृष्टिकोण और धारणाओं में परिवर्तन शामिल थे।

रिपोर्ट में कहा गया है, अधिकतर स्कूल भोजन कार्यक्रमों में पोषण, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा उद्देश्यों के साथ-साथ शिक्षा लक्ष्य भी होते हैं। हालांकि, ऐसे कार्यक्रम कम ही हैं जो मोटापे को रोकने या कम करने पर केंद्रित हैं। स्कूली भोजन प्रावधान पर केंद्रित एक अन्य सर्वेक्षण में पाया गया कि 72 प्रतिशत देशों ने स्कूल परिसरों में खाद्य विपणन पर कुछ सीमाएं लगाने की बात स्वीकार की है जबकि 52 प्रतिशत देशों ने स्कूल परिसरों में या उसके आसपास खाद्य पदार्थों के विपणन पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध लगाए हैं। जीईएम रिपोर्ट में कहा गया है, उच्च आय वाले देशों में खाद्य प्रणाली परिवर्तन के साथ पोषण नीति जुड़ाव की समीक्षा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि अधिकांश नीतिगत कार्रवाइयां स्वस्थ विकल्प व्यवहार बदलाव के वास्ते संवाद पर केंद्रित थीं जबकि खाद्य माहौल में अधिकतर परिणाम खाद्य लेबलिंग, उत्पाद सुधार, स्कूलों में स्वस्थ भोजन प्रदान करने और खाद्य विज्ञापन को प्रतिबंधित करने पर केंद्रित रहे।

रिपोर्ट कहती है, अस्वास्थ्यकर भोजन या पेय की खपत को कम करने पर जोर नहीं दिया गया। खाद्य माहौल तथा विनियामक और विधायी सुधारों के बजाय व्यक्तिगत जिम्मेदारी पर जोर दिया गया।

## संपादकीय

# तत्काल सुधार से ही बनेंगी रहने लायक

दरअसल, जेल बनाने का मूल मकसद देशकाल, परिस्थिति, भावनात्मक उद्वेग या आपराधिक मनोवृत्ति से अपराध की दुनिया में कदम रखने वाले लोगों में सुधार लाना ही रहा है। जिससे भटके हुए लोग समाज की मुख्यधारा से अलग रहकर आत्ममंथन कर सकें। सजा का मकसद दंड के बजाय सुधार रहा है। लेकिन भारतीय जेलें जिस हाल में हैं, उससे यह मकसद पूरा होता नजर नहीं आता। निस्संदेह, देश में जेलें संकटग्रस्त हैं। ये सभ्य नागरिकों की राह से भटके लोगों को भेड़-बकरियों की तरह भरने वाले स्थानों जैसी हैं। इस बाबत इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 कमोबेश इन्हीं स्थितियों का खुलासा करती है। वर्ष 2022 तक 4.36 लाख कैदियों के रहने हेतु बनायी गई जेलों में 5.73 लाख कैदी बंद थे। जो निर्धारित से 131 फीसदी अधिक है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक जेलों में कैदियों की संख्या 6.6 लाख तक पहुंच सकती है। जो निर्धारित 5.15 लाख की अनुमानित क्षमता से कहीं अधिक होगी। निस्संदेह, यह संकट अनुमान से कहीं अधिक गहरा है। निश्चित रूप से इसे कैदियों के मानवाधिकार का आपातकाल कहा जा सकता है। लेकिन संकट सिर्फ भीड़भाड़ का ही नहीं है। विडंबना देखिए कि पूरी जेल आबादी के लिये सिर्फ 25 मनोचिकित्सक ही हैं। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2012 के बाद कैदियों में मानसिक रोग दुगने आंके गए हैं। इनमें ज्यादातर वे कैदी हैं जो विचाराधीन हैं। जिनका अपराध तय नहीं हो पाया है। न्यायिक प्रक्रिया में विलंब की कीमत उन्हें चुकानी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर जेलों में चिकित्सा व्यवस्था का संकट भी उतना ही गहरा है। जेलों में चिकित्सा अधिकारियों के 43 फीसदी पद रिक्त पड़े हैं। यह व्यवस्थागत खामियों की ही तसवीर है कि देश की राजधानी में 206 कैदियों पर एक चिकित्सक नियुक्त है। यही वजह है कि उचित देखभाल के अभाव में जेलों में तमाम कैदी मानसिक व शारीरिक कष्ट झेल रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद इस गंभीर समस्या के समाधान के लिये गंभीर प्रयास नहीं हो रहे हैं।

निश्चित रूप से कैदियों के हितों की अनदेखी कोई नई बात नहीं है। देश की शीर्ष अदालत अकसर दीर्घकालीन जेल नियोजन की आवश्यकता पर बल देती रही है। लेकिन शासन-प्रशासन की कार्यवाही या तो धीमी है या फिर इन समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया दशार्या जाता है। जबकि कैदियों के मानवाधिकारों के मद्देनजर इस मामले में संवेदनशील रवैया अपनाया जाना चाहिए। इस समस्या का सबसे बड़ा संकट कर्मचारियों की भारी कमी भी है। विडंबना यह है कि कुछ क्षेत्रों में तो सुधारात्मक कार्यों के लिये स्वीकृत पदों पर रिक्तियां साठ फीसदी तक पहुंच गई हैं। उदाहरण के लिये दिल्ली की जेलें 250 फीसदी से अधिक क्षमता के साथ संचालित की जा रही हैं। एक विसंगति यह भी है कि इन जेलों में वंचित समाज और हाशिये पर गए वर्गों के लोगों की संख्या अधिक है। जो न्याय प्रणाली में गहराई तक जड़ जमा चुकी असमानता को ही दशार्ती है। वहीं दूसरी ओर इस संकट से निबटने के लिये जरूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नजर आती है। जैसा कि शीर्ष अदालत बार-बार विचाराधीन कैदियों के मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने के निर्देश देती है, उस पर गंभीरता से अमल करने की जरूरत है। यदि फास्ट-ट्रैक कोर्ट और वैकल्पिक विवाद समाधान से विचाराधीन कैदियों की संख्या को कम कर दिया जाए, तो जेल व्यवस्था में बड़ा सुधार लाया जा सकता है। देश की जेलों में कैदियों की बढ़ती संख्या के अनुरूप बुनियादी ढांचे में तत्काल निवेश करने की जरूरत है। समाज के वंचित वर्गों के लिये सहज कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में भी कदम उठाने की आवश्यकता है। जेलों को लंबे समय तक सजा देने की जगह नहीं बनाया जाना चाहिए। जेल को सुधार का केंद्र बना रहना देना चाहिए। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि वहां कैदियों के साथ कितना सम्मानजनक व्यवहार किया जाता है। उनकी देखभाल के प्रति कितना संवेदनशील रवैया अपनाया जाता है।

# कोई जनेऊ उतरवा रहा है, कोई ब्राह्मण पर पेशाब करने की बात कर रहा है, आखिर ब्राह्मणों ने बिगाड़ा क्या है?



» नीरज कुमार दुबे

इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।

> देखा जाये तो हमारे देश की जाति व्यवस्था में ब्राह्मण को गुरु, पूज्य और यहाँ तक कि तीर्थस्वरूप माना गया है। कोई भी शुभ कार्य करना हो तो ब्राह्मण ही उसे संपन्न कराता है। पौराणिक ग्रंथों में तो उल्लेख मिलता है कि ब्राह्मण को कभी निराश नहीं करना चाहिए और ब्राह्मणों को दिये जाने वाला दान–दक्षिणा जन्म जन्मांतरों तक मनुष्य को अक्षय फल प्रदान करता है।

रोज सुबह-शाम ईश्वर की आराधना करते समय सबके कल्याण और विश्व में शांति के लिए प्रार्थना करने वाले ब्राह्मणों ने किसी का क्या बिगाड़ा है? यह सवाल हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि कभी दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की दीवारों पर ब्राह्मण भारत छोड़ो का नारा लिख कर वामपंथी सामाजिक तनाव फैलाने का प्रयास करते हैं तो कभी खबर आती है कि कर्नाटक में एक परीक्षा केंद्र में छात्रों से परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से पहले उन्हें जनेऊ उतारने के लिए कहा जाता है। कभी खबर देखने को मिलती है कि एक फिल्म निमार्ता निर्देशक ब्राह्मणों पर पेशाब करने की बात खुलेआम कह देता है।



देखा जाये तो हमारे देश की जाति व्यवस्था में ब्राह्मण को गुरु, पूज्य और यहाँ तक कि तीर्थस्वरूप माना गया है। कोई भी शुभ कार्य करना हो तो ब्राह्मण ही उसे संपन्न कराता है। पौराणिक ग्रंथों में तो उल्लेख मिलता है कि ब्राह्मण को कभी निराश नहीं करना चाहिए और ब्राह्मणों को दिये जाने वाला दान-दक्षिणा जन्म जन्मांतरों तक मनुष्य को अक्षय फल प्रदान करता है। लेकिन आज ब्राह्मणों के अपमान का फैशन-सा चल पड़ा है। चूंकि ब्राह्मण अपने हक के लिए या अपने खिलाफ हो रहे अत्याचार के विरोध में सड़कों पर नहीं उतरते इसलिए सरकारों का ध्यान भी उनकी ओर नहीं जाता। देखा जाये तो इतिहास गवाह है कि ब्राह्मणों ने कभी विद्रोह नहीं किया ना ही अपने हक के लिए कोई बड़ी लड़ाई लड़ी है। ब्राह्मण का प्रयास रहता है कि समाज में शांति और समृद्धि बनी रही। ब्राह्मणों के खिलाफ अक्सर अफवाहें और दुष्प्रचार अभियान भी चलाये जाते हैं लेकिन वह खामोशी से यह सोचते हुए सब कुछ देखते रहते हैं कि एक दिन प्रभु कृपा से सच सामने आ ही जायेगा। जहां तक कर्नाटक के शिवमोगा में सीईटी परीक्षा केंद्र आदिचुंचनगिरि पीयू कॉलेज में छात्रों से परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से पहले उन्हें जनेऊ उतारने के लिए कहने की बात है तो इसको देखकर हर कोई स्तब्ध है। कर्नाटक ब्राह्मण सभा के सदस्य नटराज भागवत की शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है। देखना होगा कि इस मामले में कोई बड़ी कार्रवाई होती है या नहीं लेकिन जिसने भी जनेऊ उतारने के लिए कहा या कहलवाया उसे पता होना चाहिए कि यज्ञोपवीत यानि जनेऊ ब्राह्मण को प्रदत्त महान शक्ति है। यह शक्ति अत्यन्त शुद्ध चरित्रता और कठिन कर्तव्य परायणता प्रदान करने वाली है। यज्ञोपवीत न तो मोतियों का है और न स्वर्ण का, फिर भी यह ब्राह्मणों का आभूषण है। इसके द्वारा देवता और ऋषियों का ऋण चुकाया जाता है। जिन्होंने छात्रों को जनेऊ उतारने के लिए कहा उन्हें पता होना चाहिए कि यज्ञोपवीत से सत्य व्यवहार की आकांक्षा, अग्नि के समान तेजस्विता और दिव्य गुणों की पवित्रता प्राप्त होती है।

वहीं दूसरी ओर, अपनी फिल्मों की तरह असल ज़िन्दगी में भी अभद्र भाषा के लिए कुख्यात फिल्मकार अनुराग कश्यप ने ब्राह्मणों पर पेशाब करने की बात कह कर अपनी मानसिक स्थिति का परिचय दिया है। हालांकि जब बयान की आलोचना की गयी तो उन्होंने कहा है कि उनकी टिप्पणी को सही संदर्भ में नहीं लिया गया। देखा जाये तो अनुराग कश्यप की कई फिल्में शीघ्र आने वाली हैं इसलिए सुर्खियों में आने और अपनी फिल्मों के प्रचार के लिए उन्होंने ब्राह्मणों के खिलाफ अमर्यादित बयान दे डाला। वैसे भी आजकल सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए किसी समाज या किसी इतिहास पुरुष के खिलाफ कोई विवादित बयान देने का चलन हो गया है। हम आपको यह भी बता दें कि शास्त्र सम्मत तरीके से अपना जीवन जीने वाले ब्राह्मणों पर अनुराग कश्यप की अशोभनीय टिप्पणी से समाज में रोष व्याप्त होना स्वाभाविक है इसलिए कुछ संगठनों की ओर से प्रदर्शन भी किये गये हैं। बहरहाल, कुछ समय पहले दिल्ली स्थित जेएनयू की दीवारों पर ब्राह्मण भारत छोड़ो का नारा लिख कर अपनी जातिवादी सोच को प्रदर्शित करने वालों को पता होना चाहिए कि भारत की आजादी का शुभ मुहूर्त भी ब्राह्मणों ने ही निकाला था।

## मुद्दा

# योगी की जीरो टॉलरेंस नीति ने प्रदेश में अपराधों में कमी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति ने पिछले आठ वर्षों में अपराधियों की कमर तोड़ कर रख दी है। इस दौरान एक लाख से अधिक अपराधियों को जेल और मुठभेड़ में 227 को यमलोक भेजा गया। इतना ही नहीं योगी सरकार के निर्देश पर मिशन शक्ति फेज-5 के तहत प्रदेशभर में ह्यदस का दमह्ण नामक विशेष ऑपरेशन चलाए गए। इसमें ऑपरेशन गरुड़, ईगल, मजनू, रक्षा, बचपन, खोज, शील्ड, डेस्ट्राय, नशा मुक्ति और त्रिनेत्र आदि शामिल हैं। इन ऑपरेशन के जरिये यूपी पुलिस ने महिलाओं, बेटियों, बच्चों, युवाओं और समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। वहीं ऑपरेशन त्रिनेत्र ने जघन्य अपराधों का खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेला है।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि सीएम योगी की मंशानुसार मिशन शक्ति फेज-5 के तहत यूपी पुलिस ने प्रदेश भर में दस ऑपरेशन चलाए। यूपी पुलिस का यह अभियान अपराधियों के लिए काल बन गया है। योगी सरकार का ह्यदस का दमह्ण ऑपरेशन ने प्रदेश को अपराध से मुक्त करने की संकल्पना है, जिसे जमीन पर सफलतापूर्वक उतारा गया है। इन ऑपरेशन के जरिए 1 लाख से अधिक लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रदेश भर में संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया। इसके बाद प्रदेशभर में 11,07,782 से



अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। ये सीसीटीवी थानों से जोड़े गए ताकि कैमरा कंट्रोल रूम्स से घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी का नतीजा है कि डकैती, लूट समेत कुल 5,718 जघन्य अपराधों का सफल खुलासा किया गया।

महिलाओं और बच्चियों से जुड़े साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए ऑपरेशन गरुड़ चलाया गया। अभियान के तहत 2,597 प्राथमिकी पत्रों की जांच की गई, जिनमें से 2,407 का निस्तारण किया गया। वहीं पूर्व में पंजीकृत 1,179 अभियोग में से 449 का निस्तारण किया गया और 498 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 405 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए गए। इसी तरह स्कूल-कॉलेजों के आसपास बच्चों और महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों सौहदों के खिलाफ ऑपरेशन मजनू चलाया गया। इस अभियान में 7,554 स्थानों को चिह्नित किया गया और 58,624 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं ऑपरेशन ईगल के तहत महिलाओं से संबंधित अपराधों में जेल से बाहर आए 7,963 अपराधियों में से गिरफ्तार-हाजिर अदालत 5,166 को चिन्हित किया गया। इसके दौरान 2,683 अभियुक्त गिरफ्तार-हाजिर अदालत हुए। वहीं 4,294 के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई। ऑपरेशन रक्षा के तहत स्पा सेंटर, मसाज पार्लर में छिपे मानव तस्करी के मामलों में 56 महिलाओं/बालिकाओं को रेस्क्यू कर 49 का पुनर्वास कराया गया।

प्रदेश में बल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति समेत बच्चे के अधिकारों के लिए ऑपरेशन बचपन और खोज चलाया गया।

## पर्सनालिटी

# फेमस शिकारी और पर्यावरणविद् थे जिम कॉर्बेट, कई बाघों और तेंदुओं का किया था शिकार

» अनन्या मिश्रा



19 अप्रैल को आयरिश मूल के भारतीय लेखक व दार्शनिक जेम्स ए. जिम कार्बेट का निधन हो गया था। जिम कार्बेट ने मानवीय अधिकारों के लिए संघर्ष किया और संरक्षित वनों के आंदोलन की शुरूआत की थी। बता दें कि जिम कार्बेट एक शिकारी और महान व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। साल 1907 से लेकर 1938 के बीच उन्होंने कुमाऊं और गढ़वाल दोनों जगह नरभक्षी बाघों व तेंदुओं के आतंक से निजात दिलाने का काम किया था। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर जेम्स ए. जिम कार्बेट के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और परिवार

उत्तराखंड के नैनीताल में 25 जुलाई 1875 को एडवर्ड जेम्स कॉर्बेट उर्फ जिम कॉर्बेट का जन्म हुआ था। वह एक फेमस शिकारी थे। जिम कार्बेट के पिता एक पोस्टमास्टर थे और महज 4 साल की उम्र में उनके सिर से पिता का साया उठ गया था। जिसके बाद उनकी मां ने घर-परिवार की जिम्मेदारी निभाई। वहीं आर्थिक तंगी के कारण जिम कार्बेट ने रेलवे में नौकरी कर ली थी। लेकिन जिम कार्बेट का सफर इससे अलग था।

बचपन से ही जिम कार्बेट को जंगलों से बहुत लगाव था और वह अपना अधिकतर समय जंगलों में बिताते थे। जिम कार्बेट ने जंगलों के बारे में बड़ी बारीक जानकारी हासिल की थी। वह कहते थे कि जंगलों की इतनी जानकारी किताबों से नहीं ली जा सकती है। इसके लिए जंगल को अपने भीतर समाना होगा। उनके कमाल के शिकार कौशल का श्रेय जिम कार्बेट के जंगल के प्रति प्रेम को देना गलत नहीं होगा।

### बाघों को उतारा था मौत के घाट

जिम कार्बेट जंगलों को बहुत अच्छी तरह से समझने लगे थे और इसी वजह से उनकी शिकार करने की कला बेहतर हुई। जिम जानवरों के हमला करने के तरीकों को जान चुके थे। उन्होंने अपने पूरे जीवन में कुल 19 बाघ और 14 तेंदुओं का शिकार किया था। इसकी वजह से वह पूरी दुनिया में मशहूर शिकारियों में गिने जाते हैं। जिम ने सबसे पहले चंपावत बाघिन का शिकार किया था। इस बाघिन ने 436 लोगों को मौत के घाट उतारा था। ।ता दें कि जिम कार्बेट का जादू कुछ ऐसा था कि आज भी कुमाऊ और गढ़वाल क्षेत्र के लोगों में उनकी प्रसिद्धि बरकरार है। क्योंकि उस दौरान कुमाऊ और गढ़वाल में आदमखोर तेंदुओं और बाघों ने काफी उत्पात मचाया था। ऐसे में लोगों की रक्षा के लिए वहां की सरकार ने जिम कार्बेट को बुलावा भेजा। तब जिम ने कई तेंदुओं और बाघों का शिकार करके वहां के स्थानीय लोगों की रक्षा की।

### आजादी के बाद छोड़ा भारत

वह न सिर्फ एक बेहतरीन शिकारी थे, बल्कि वह कमाल के लेखक भी थे। जिम कार्बेट ने अपने शिकार से जुड़े तमाम किस्से लोगों को सुनाते और उन्होंने कई किताबें भी लिखी हैं। इसके अलावा वह एक बेहतरीन फोटोग्राफर भी थे। लेकिन आजादी के बाद जिम कार्बेट भारत छोड़कर केन्या चले गए थे और अपने जीवन के आखिरी समय तक वहीं रहे।

### मृत्यु

वहीं 19 अप्रैल 1955 को केन्या में एडवर्ड जेम्स कॉर्बेट का निधन हो गया था। बता दें कि उनके नाम से जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान का भी नामकरण किया गया है।

## आज का इतिहास

### 21 अप्रैलकी महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1977 - मेजर जनरल जियाउर्रहमान बांग्लादेश के राष्ट्रपति नियुक्त।

2001 - बांग्लादेश में भारतीय जवानों की नृशंस हत्या पर भारत ने कड़ा विरोध दर्ज कराया।

2002 - एलटीटीई से प्रतिबंध नहीं हटाने का संयुक्त राज्य अमेरिका का फैसला।

2003 - भारत में अमेरिकी राजदूत राबर्ट ब्लैकविल ने अपने पद से इस्तीफा दिया।

2004 - बसरा में मिसाइल हमले में 68 लोगों की मृत्यु।

2006 - नेपाल नरेश ने चुनी हुई सरकार को सत्ता सौंपने की घोषणा की।

2007 - ब्रायन लारा ने एक दिवसीय क्रिकेट से सन्न्यास लिया।

2008 - उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमत्री सचिवालय में फेरबदल करते हुए नेतराम को मुख्यमंत्री का प्रमुख सचिव बनाया। हीरो होण्डा ग्रुप ने डेमलर एजी के साथ वाणिज्यिक वाहन बनाने के लिए संयुक्त उद्यम गठित किया। भारत व ब्रिटेन की नौसेनाओं के बीच तीसरा साझा अभ्यास गोवा के निकट कोंकण में शुरू हुआ।

भारत व चीन ने आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए चार समझौतों पर हस्ताक्षर हेतु अपनी सहमति व्यक्त की।

### 21 अप्रैलको जन्मे व्यक्ति

1891 - जेम्स ब्रेड टेलर, भारतीय रिजर्व बैंक के प्रथम उप-गवर्नर और ओसबोर्न स्मिथ के बाद दूसरे गवर्नर थे।

1944 - एन. गोपालस्वामी - भारत के 15वें मुख्य चुनाव आयुक्त थे।



1924 - कर्णी सिंह - भारत के पहले निशानेबाज थे, जिन्हें 1961 में अर्जुन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया था।

1926 - महारानी एलिजाबेथ द्वितीय - 6 फरवरी, 1952 से वर्ष 2022 में अपनी मृत्यु तक यूनाइटेड किंगडम और अन्य राष्ट्रमण्डल प्रजाभूमियों की महारानी थीं।



1910 - सदाशिव त्रिपाठी - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ और उड़ीसा के 5वें मुख्यमंत्री थे।

1895 - गबर सिंह नेगी - प्रथम विश्वयुद्ध में मरणोपरान्त विक्टोरिया क्रास पाने वाले भारतीय सैनिक थे।

1864 - मैक्स वेबर - प्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक एवं इतिहासकार।

### 21 अप्रैल को हुए निधन

1938 - मोहम्मद इकबाल, सुप्रसिद्ध कवि एवं शायर

2013 - शकुन्तला देवी, मानसिक परिकलित्र (गणितज्ञ)

2015 - जानकी बल्लभ पटनायक - भारतीय राजनीतिज्ञ एवं राष्ट्रीय काँग्रेस के वरिष्ठ नेता थे।

2021 - शंख घोष - प्रसिद्ध बांग्ला कवि, आलोचक एवं शिक्षाविद थे।

2021 - मौलाना वहीदुद्दीन खान - विख्यात इस्लामिक विद्वान और शांति कार्यकर्ता थे।

### 21 अप्रॅल के महत्त्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

भारतीय सिविल सेवा दिवस

# टीचर सेल्फ केयर ने विदाई समारोह आयोजित किया

» सब का सपना संवाददाता



**चन्दौसी/सम्भल:** टीचर्स सेल्फ केयर टीम द्वारा चंदौसी इंटर कॉलेज चंदौसी के तत्वाधान में जिला सम्भल टीचर्स सेल्फ केयर टीम के ऐसे सदस्य जो मार्च माह में अपनी सेवा से रिटायर हो चुके हैं, उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया।

रिटायर होने वाले अध्यापको में ब्लॉक सम्भल से मोअज्जम अली, सतीशचंद्र शर्मा, खुर्शीद अकरम और ब्लॉक बनियाखेड़ा से भूपसिंह रावत और प्रज्ञा अग्रवाल शामिल थे। ब्लॉक सम्भल द्वारा सभी को विशेष उपहार दिए गए। कार्यक्रम में सभी जिला टीम और ब्लॉक टीम सदस्यों को उनके बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष कविता शर्मा द्वारा किया गया। जिला संयोजक शाकुल गुप्ता द्वारा समस्त रिटायर्ड अध्यापकों को धन्यवाद दिया गया तथा उनसे आगे भी सहयोग देने की अपील की गयी।

कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता सतेंद्र सिंह, जिला आईटी सेल प्रभारी गौरव परिहार, जिला सह संयोजक सचिन सिंह, नइमुद्दीन अली अहमद, मनमोहन सिंह, गजेंद्र पाल सिंह तथा ब्लॉक सह संयोजक छन्नू कुमार, मधुर वार्ष्णेय, देवदत्त कुमार, विपिन कुमार, सचिन शर्मा, पंकज कुमार, पीतम सिंह, अखिलेश कुमार, योगेंद्र सिंह, मुनीश कुमार, विश्वजीत सिंह, ऋषभ सक्सेना, पिंकी, पूनम सैनी, अश्वनी, देवदत्त शर्मा, पुनीत कुमार, हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

# हज प्रशिक्षण कैंप किया आयोजित

» सब का सपना संवाददाता



**चंदौसी/संभल:** हज 2025 का दूसरा और अंतिम हज प्रशिक्षण कैंप पंजाबियों वाली मस्जिद में आयोजित किया गया जिसमें हज की बारीकियां को तफसील से मौलाना अब्दुल जलील द्वारा बताया गया अपने बयान में मौलाना ने बताया हज सीख कर करो जो हज सीख कर जाता है।

वह हज के पूरे अरकान करता है और उसे कोई भी परेशानी नहीं होती न तो हिंदुस्तान में होती है और ना ही हज के दौरान कोई परेशानी हाजी को नहीं होगी आगे बताया हज में तीन फर्ज हैं अगर एक भी छूट गया तो हाजी का हज नहीं होगा भारत सरकार की हज कमिटी आफ इंडिया ने जो हाजियों के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं उसका पालन हर हाजी को करना है और मक्का मदीना मुजदल्फा मीना मैं अपने लिए अपने घरवालों के लिए अपने मुल्क के लिए और पूरे आलम के लिए दुआ करनी है क्योंकि हज करने के बाद हाजी के सारे गुनाह माफ हो जाते हैं और उसकी दुआएं कबूल होती है सबसे आखिर में मौलाना अब्दुल जलील ने मुल्क में अमन के लिए और तरक्की के लिए दुआ कराया इस मौके पर खुसूसी तौर पर मोहम्मद शफीक सिद्दीकी, हाजी शाह आलम मंसूरी, अब्दुल वहाब शहजाद, अंजुम शमसुद्दीन, युसूफ शमसी, नईम आदि का शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बांग्लादेश के हाल बेहाल, हिंदुओं के खिलाफ हिंसा



» सब का सपना संवाददाता

**चन्दौसी/सम्भल।** बांग्लादेश में हाल के वर्षों में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ कई घटनाओं ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और मानवाधिकार संगठनों का ध्यान आकर्षित किया है।दशहरा, दुर्गा पूजा व अन्य हिंदू त्योहारों के दौरान बांग्लादेश में हमलों की खबरें आई हैं जिससे वहां के अल्पसंख्यकों में असुरक्षा की भावना बढ़ना स्वाभाविक है।पिछले वर्ष जब बांग्लादेश में राजनैतिक मतभेदों के चलते तख्ता पलट हुआ तब देखते ही देखते मामला हिंदुओं के खिलाफ हो गया और हिंदूओं के खिलाफ हिंसा होने लगी।
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष सैय्यद शान अली ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों विशेषतः हिंदूओं पर हो रहे अत्याचार पर रोष व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि बांग्लादेश जैसे बहुलतावादी समाज में सभी धार्मिक समूहों की सुरक्षा और अधिकार सुनिश्चित करना न केवल संवैधानिक जिम्मेदारी है बल्कि सामाजिक स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। सरकार और समाज दोनों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी नागरिक अपने धर्म, जाति या पंथ के कारण भय में न जीए।शान अली ने प्रधानमंत्री मोदी से अपील की कि बांग्लादेश में हिंदू भाइयों पर हो रही हिंसा को लेकर बांग्लादेश सरकार से बात कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाये।साथ ही उन्होंने कहा कि भारत को अब बांग्लादेश पर कड़ा रुख अपनाने की आवश्यकता है।

### भडकाऊ पोस्टर लगाना पढ़ा भारी 7 अभियुक्त गिरफ्तार

» सब का सपना संवाददाता

**संभल** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन मे जनपद में कानून व्यवस्था सुद्दढ बनाये रखने हेतु जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी और अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल श्रीश्वन्द के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी चन्दौसी आलोक कुमार सिद्धू के कुशल नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक थाना बनियाठेर द्वारा गठित टीम द्वारा रविवार को अभियुक्तगण 1. असीम,निवासी मौ0 होली तिराहा जनैटा थाना बनियाठेर जिला सम्भल,सैफ अली,निवासी मौ0 होली तिराहा जनैटा थाना बनियाठेर जिला सम्भल,रहीश निवासी नई बस्ती कस्बा नरौली थाना बनियाठेर जिला सम्भल, मतलूब निवासी मौ0 होली चौक तिराहा जनैटा थाना बनियाठेर जिला सम्भल फरदीन निवासी होली चौक तिराहा जनैटा थाना बनियाठेर जिला सम्भल, अरमान निवासी पंचायत घर के पास जनैटा थाना बनियाठेर जिला सम्भल,अरबाज निवासी पंचायत घर के पास जनैटा थाना बनियाठेर जिला सम्भल को इजराईल के प्रोडक्ट को बॉयकोट करने के सम्बन्ध में भडकाऊ पोस्टर सार्वजनिक स्थानो व सडक किनारे लगाने मे अन्तर्गत बीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया।

# संभल के बी.डी. इंटर कॉलेज ने चलाया संविधान निर्माता भारत रत्न अंबेडकर सम्मान अभियान



» सब का सपना संवाददाता

**चन्दौसी/सम्भल।** रविवार को संभल के बी.डी. इंटर कॉलेज में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर सम्मान अभियान जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सत्यपाल पाल सैनी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद एवं पुष्कर मिश्र निदेशक रजा लाइब्रेरी रामपुर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने संगोष्ठी की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के सम्मान अभियान के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। भाजपा द्वारा पूरे प्रदेश में बाबा साहेब की सम्मान संगोष्ठी कार्यक्रम किए गए हैं। डा0 पुष्कर मिश्र ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में लगभग 10 दिन से बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर के सम्मान में कार्यक्रम किया जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार ने ऐसी कई योजना शुरू की है जिनका मूल उद्देश्य अनुसूचित वर्ग का कल्याण है ताकि परंपरागत रूप से पिछड़े हुए इस वर्ग के लोग सफल बना सकें और उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो। बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने सदैव जीवन भर गरीबों एवं वंचितों के उज्वल भविष्य के लिए कार्य किया। मुख्य अतिथि सत्यपाल सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर देश के करोड़ों वंचितों के आत्मबोध, सशक्तिकरण और उनके सम्मान हेतु भारत रत्न बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर से जुड़े पांच स्थानों का पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वदेशी रूप से विकसित नए भुगतान एप्प भीम का नाम भारत के संविधान के मुख्य वास्तुकार डा0 भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखा गया है।इस एप्प के माध्यम से सबसे गरीब और वंचित वर्ग के लोगों के व्यवसाय को प्रौद्योगिकी के माध्यम से सशक्त बनाया जा रहा है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों की सामाजिक परिवेश के आधारभूत एवं अवसंरचनात्मक शैक्षणिक आर्थिक एवं कौशल विकास हेतु प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना संचालित की जा रही है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत पीड़ित परिवारों को 85000 से 8.25 लाख तक की सहायता का प्रावधान, वर्ष 2024 25 में 13436 व्यक्तियों को 167.46 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। अंबेडकर जयंती के अवसर पर वर्ष 2025 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम का नामकरण बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम पर करने की घोषणा की। इस अवसर पर अर्जुन वाल्मीकि, सतीश अरोरा, चरण सिंह भारती, राजबहादुर सैनी, सुधीर महरोत्रा, गजराम सिंह, सुरेश अटल, पंकज गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, विपिन गुप्ता, मुकुल कुमार रस्तोगी, प्रभात शर्मा, हरिओम शर्मा, जयप्रकाश प्रजापति, मनोज कठेरिया, शरद शर्मा, पारुल शर्मा, संध्या गर्ग, निशि वार्ष्णेय, मोक्षिका शर्मा, तरन्नुम, परवीन आदि मौजूद रहे।

# गजरौला के ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में पोषण जागरुकता पखवाड़े के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



» सब का सपना संवाददाता

**गजरौला:** नगर स्थित ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में पोषण जागरुकता पखवाड़े के तहत ह्यफास्टफूड पोषण के लिए एक अभिशाप है या वरदान इस विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें कॉलेज के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में कु.खुशी ने प्रथम स्थान,रिया ने द्वितीय एवं शालिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने मनोयोग से प्रतिभाग किया और अपने निबंध में सभी बिंदुओं का स्पष्टता के साथ उल्लेखित किया।

कार्यक्रम अधिकारी प्रभाष कुमार ने वहां उपस्थित छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि हमें फास्ट फूड का सेवन नहीं करना चाहिये, क्योंकि यह फूड शरीर के लिये हानिकारक होता है और हमारे शरीर में कोलस्ट्राल आदि की मात्रा बढ़ाता है। इस अवसर पर इंद्र सिंह एवं उमेश कुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# फोटो स्टूडियो को चोरों ने बनाया निशाना, करीब डेढ़ लाख के माल पर किया हाथ साफ



» सब का सपना संवाददाता

**गजरौला:** नगर में चोरों के हौंसले इतने बुलंद होते जा रहें हैं कि वह बैखौफ होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।अभी ताजा मामला नगर के ब्लॉक के गेट के ही निकट स्थित एक फोटो स्टूडियो की दुकानों में हुई चोरी की घटना का सामने आया है जहां बीती रात चोरों ने स्टूडियो को निशाना बनाते हुए उसका ताला तोड़कर करीब डेढ़ लाख के माल पर हाथ साफ किया और मौके से फरार हो गए।घटना की सूचना स्टूडियो के स्वामी द्वारा पुलिस को दे दी गई है।

बता दें कि पूरा मामला नगर कोतवाली स्थित ब्लॉक की दुकानों में संचालित काविन्द्र फोटो स्टूडियो का है जिसको चोरों ने निशाना बनाते हुए करीब डेढ़ लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया।घटना की सूचना दुकान स्वामी को सुबह करीब साढ़े आठ बजे उसी के पड़ोसी दुकान दार ने दी। जिसको सुनकर दुकान स्वामी दौड़ा-दौड़ा अपनी दुकान पर आया जिसने आकर देखा तो उसकी दुकान के ताले टूटे हुए पड़े थे जिसको देखकर वह हक्का-बक्का रह गया। आनन फानन दुकान स्वामी ने घटना की सूचना 112 नंबर डायल पुलिस को दी।जिसके बाद 112 नंबर डायल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई जिसने घटना की जानकारी की।फिलहाल पीड़ित दुकान स्वामी ने घटना की तहरीर थाने में देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।पुलिस का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में फिजिकल फिटनेस जरूरी : एसपी

» सब का सपना संवाददाता



**अमरोहा ।** नायाब अब्बासी डिग्री कॉलेज के मैदान पर अब्बासी क्रिकेट अकादमी के सौजन्य से एक फ्रैंडली मैच अमरोहा के फ्रैंड्स ऑफ अमरोहा और मीडिया 11 के बीच खेला गया जिसमें फ्रेंड्स आफ अमरोहा ने पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का फैसला किया और मीडिया 11 को 6 विकेट के नुकसान पर 183 रन का लक्ष्य दिया। इस दौरान फ्रेंड्स आफ अमरोहा की तरफ से तंजील हामिद ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को 56 रन का योगदान दिया सलीम खान ने 39 और तारिक चीना ने 32 रन का योगदान दिया मीडिया 11 की तरफ से गुफरान आबिद ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 28 रन देकर 2 विकेट लिए दिया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मीडिया 11 की टीम 161 रन पर आल आउट हो गई मीडिया 11 की तरफ से पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 26 रन का योगदान दिया और उनके साथ बल्लेबाजी कर रहे नवीन भाटी ने 83 रन बनाए जबकि फिरोज कमाल अब्बासी ने भी शानदार बैटिंग की और नॉट आउट रहे उनकी परफॉर्मेंस देख कर सभी खिलाड़ियों ने उनकी प्रशंसा की साथ ही मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार तारिक चीना को दिया गया। इस मौके पर अमरोहा एस पी अमित कुमार आनंद ने कहा कि आज कल की जिंदगी में फिजिकल फिटनेस बहुत जरूरी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी फिट इंडिया मुहीम शुरू की है चाहे किसी भी प्रकार की एक्सरसाइज हो वॉकिंग हो या खेल हो या योगा हो जरूर करें और फिट रहे वही अब्बासी क्रिकेट अकादमी और अब्बासी डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर फिरोज कमाल अब्बासी साहब ने कहा कि हमने स्पोर्ट्स एकेडमी बनाई है जिससे कि सब लोग फिट रहे आज कल की जिंदगी में खुद को फिट रखना बहुत जरूरी है। इस मौके पर फ्रैंड्स ऑफ अमरोहा के सदर मोहम्मद अहमद जैदी कसीम अशरफ सैफ एडवोकेट जिशान पाशा एडवोकेट फैज उद्दीन सिद्दीकी सैयद जमशेद फैजले चौधरी दाऊद रहमान फारिक अजीम अजीम शेख फैसल खान फैयाज शम्सी तारिक चीना अनवर फरीद, खान सिकंदर अजहर अब्बासी एडवोकेट आसिफ सुल्तान फरमान अहमद, इमदाद खान अदनान मसरूर आरिफ मसूद शाडमान जैदी फैजी खान रविंदर छाबड़ा आदि लोग मौजूद रहे।

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।**

9456884327/8218179552

# दो दिन से बिजली गुल क्षेत्रवासियों में रोष, अंधेरे में पढ़ाई कैसे करें छात्र

सब का सपना संवाददाता



**भोजपुर।** पीपलसाना ,नाखूनका, जटपुरा जलालपुर, मानपुर ,सिलावडी,शयोदसपुर, गणेशपुर ,धारक नगला, भोजपुर धर्मपुर बिजली आपूर्ति ठप होने से अंधेरे में पढ़ाई करने को मजबूर छात्र एवं छात्राएं। सपा के प्रदेश सचिव फिरासत हुसैन गामा ने चीफ इंजीनियर विधुत विभाग से बात कर अतिशीघ्र बिजली सप्लाई की मांग की। क्षेत्रीय विधुत आपूर्ति ने समस्या समाधान के लिए 18 अप्रैल को आंधी तुफान आने के कारण क्षेत्र में रात्रि दस बजकर 30 मिनट से क्षेत्रीय विधुत आपूर्ति ठप हो गई थी। क्षेत्रीय लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए चीफ इंजीनियर विधुत विभाग आर के बंसल से दूरभाष पर क्षेत्रीय विधुत आपूर्ति ठप होने की शिकायत दर्ज कराई और विधुत आपूर्ति में आई समस्या का शीघ्र समाधान कराने को कहा था। वही नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर के चेयरमैन प्रतिनिधि अर्सलान अंसारी ने नगर की दो दिन से बिजली गुल होने पर बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की। चीफ इंजीनियर विधुत विभाग आर के बंसल के आदेशानुसार एसडीओ राजेश कुमार प्रजापति और जेई आरवी कुशवाहा अपनी पूरी टीम को लेकर जुट गए। उक्त जानकारी के अनुसार तैतीस हजार लाईन के तार व खम्भे सिढ़ाबली से जटपुरा तक टूट गये थे। ग्यारह हजार लाईन का तार व खम्भा रुस्तमपुर तिगरी के पास टूट गया था। परन्तु कुछ अनहोनी नहीं हो पाई विधुत विभाग की टीम ने दिनांक शनिवार से लगकर रविवार देर रात तक विद्युत आपूर्ति समस्या का समाधान लगभग कर दिया जाएगा। एसडीओ राजेश कुमार प्रजापति के अनुसार नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर सहित उसके आसपास के क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चालू कर दी जाएगी। भोजपुर नगर निवासी किसान यूनियन वली मुहम्मद ,समाजसेवी मुहम्मद रिहान, वरिष्ठ समाजसेवी शराफत अंसारी, फिरोज आलम, सभासद यासीन, आदि।

## मिशन शक्ति फेज –5 में महिला सुरक्षा दल द्वारा घरेंलू हिंसा से संरक्षण और लैंगिक उत्पीड़न की दी जानकारी

सब का सपना संवाददाता





**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के दृष्टिगत रविवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102, एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानोंद्वारापुलिसकीपाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीन के विवाद को लेकर की फायरिंग, महिला घायल




सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** जमीन को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने सरेआम गोलियां चलाकर सनसनी फैला दी। फायरिंग की घटना में एक महिला के गोली लगने से घायल हो गई। पीड़ित पक्ष ने छजलैट थाने की पुलिस पर एक भाजपा नेता के दबाव में दबंगों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। घटना मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के मिलक चंगेरी गांव की है। यहां एक विधवा महिला की जमीन पर गांव के दबंगों द्वारा कब्जा करने की घटना सामने आई है। दोनों के बीच जमीन को लेकर विवाद है। जिसकी ठीए बंदी होनी थी। इसी बीच एक पक्ष ने नाजायज तमंचों के साथ हमला बोल दिया। जंगल में ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में विधवा महिला को छर्रे लगे हैं। मिलक चंगेरी गांव में रहने वाले पारस चौधरी ने बताया कि उसके पिता की 2026 में मौत हो चुकी है। इसके बाद से उसके शरीक उसकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। उसकी विधवा मां को भी आए दिन परेशान करते हैं।

पारस ने बताया कि शनिवार को जमीन की ठीएबंदी होनी थी। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने खेत पर पहुंचकर ठीएबंदी रोकने की मंशा से फायरिंग शुरू कर दी। पारस का कहना है कि घटना में उसकी मां नीरज को छर्रे लगे हैं। जबकि उसके मामा को भी आरोपियों ने गोली मारने की कोशिश की। पारस का आरोप है कि फायरिंग करने वाले दबंगों में से एक पार्टी नेता के साथ रहता है। उसने आरोप लगाया कि छजलैट थाने की पुलिस नेता के दबाव की वजह से ही मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है। इस मामले में छजलैट पुलिस ने जांच करने की बात कही है।

### सात वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए चुने जायेंगें खिलाड़ी

सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** बिहार प्रांत में चार से 15 मई तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स -2025 का आयोजन होगा। उत्तर प्रदेश की टीम के चयन के लिए ट्रायल 21 और 22 अप्रैल को विभिन्न शहरों में होंगे। हॉकी, बास्केटबॉल, कबड्डी,वालीबाल,मलखम्भ,खो-खो, में चार से 15 मई तक सात वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स -2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रतिभाग करने के लिए उत्तर प्रदेश की टीम का चयन 21 व 22 अप्रैल को प्रदेश के विभिन्न शहरों में किया जाएगा। इसके लिए तिथि व स्थान तय हो गए हैं। प्रदीप कुमार सक्सैना क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी मुरादाबाद मंडल दुवारा उक्त जानकारी देते हुए बताया गया। कि हॉकी पुरूष वर्ग के लिए ट्रायल 22 अप्रैल को पद्मश्री शाहिद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम विजयन्त खण्ड गोमती नगर, लखनऊ में होगा। वहीं बास्केटबाल पुरूष वर्ग के लिए ट्रायल 21 अप्रैल को मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रयागराज में आयोजित किया जाएगा। वालीबाल पुरूष वर्ग के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल 21 अप्रैल को मदनमोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम, प्रयागराज में होगा। वहीं कबड्डी महिला वर्ग के लिए 22 अप्रैल को डॉ. सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम, वाराणसी में ट्रायल होगा। मलखम्भ महिला व पुरूष वर्ग में खिलाड़ियों का ट्रायल 22 अप्रैल को मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, झांसी में होगा। खो-खो महिला व पुरूष वर्ग के लिए ट्रायल 22 अप्रैल को डॉ. सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम वाराणसी में आयोजित किया जाएगा।

## जनचौपाल लगाकर सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों को दिया संदेश



सब का सपना संवाददाता

**बिलारी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में सहायक पुलिस अधीक्षक,थाना प्रभारी बिलारी के द्वारा पुलिस के साथ ग्राम स्योड़ारा में चौपाल लगाकर ग्राम वासियो को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया व यातायात के नियमों निदेर्शों के पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई। तथा सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई।

## प्रदेश की ग्राम पंचायतों के विकास के लिए तकनीकी सहयोग की आवश्यकता

सब का सपना संवाददाता



**मुरादाबाद।** पंचायत सभाघर में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत एकदिवसीय अभीमुखिकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें प्रधानों को जानकारी देते हुए ट्रेनर सत्येंद्र शर्मा, सीनियर फैकल्टी नवनीत शेखर, डॉक्टर विनोद पांडे, एपीडीआरओ विवेकानंद ने बताया की उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान आरजीएसए योजना पूरे देश में लागू है। जिसमें उत्तर प्रदेश भी शामिल है। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायत मजबूत होगी और उन्हें ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रभावी सेवा वितरण और पारदर्शिता प्रदान करने में मदद मिलेगी। उत्तर प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई पहल की गई। राज्य सरकार ने ग्राम पंचायत को मजबूत करने और उन्हें अधिक शक्तियां देने के लिए कई कदम उठाए हैं। आरजीएसए के तहत उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायत निम्न लाभ उठा सकती हैं।

आरजीएसए ग्राम पंचायत को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करता है। जिसमें इक्विटी,समावेश, सामाजिक और आर्थिक विकास सुनिश्चित हो सके। पंचायती राज संस्थान प्रभावी सेवा वितरण और पारदर्शिता प्रदान करने के लिए ई-गवर्नेंस का उपयोग बढ़ाएंगे।

## बिना फिटनेस के चल रही प्राइवेट बस ने सड़क किनारे खड़े स्कूटी सवार को मारी टक्कर, मौके पर मौत



सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** राज्य हाईवे के बाजपुर रोड पर सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी से दो सौ मीटर की दूरी पर सड़क के किनारे खड़े स्कूटी सवार अधेड़ को निजी यात्री बस ने टक्कर मार दी। ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार को दोपहर बाद चार बजे थाना भगतपुर के गांव पसियापुरा निवासी डंपी 45 पुत्र धर्मपाल सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी से दो सौ मीटर की दूरी पर स्कूटी को सड़क किनारे खड़ी करके खड़ा था।

अचानक मुरादाबाद से बाजपुर जा रही निजी यात्री बस ने पीछे से ग्रामीण को टक्कर मार दी।हादसे में ग्रामीण का सिर बस के टायर से बुरी तरह कुचल गया। ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक बस को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक की जेब में रखे आधार कार्ड में दर्ज नाम पते पर उसके परिजनों को हादसे की सूचना भेजकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस ने स्कूटी और बस को अपने कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा कर लिया। क्षेत्रीय ग्रामीण का कहना है कि मुरादाबाद से ठाकुरद्वारा, काशीपुर व डिलारी रोड पर चलने वाली प्राइवेट बसें बिना फिटनेस रोड पर दौड़ रही है। जिनका कोई टाइम टेबल नही है, पुराने मॉडल की बसें रोड पर फरार्टा भर रही है।

## ब्लॉक भगतपुर टांडा के सचिव का अनोखा कार्य, वृद्ध व्यक्ति को मृत दिखाकर पेंशन रोकी डीएम ने दिए जांच के आदेश

सब का सपना संवाददाता



**भोजपुर।** ब्लॉक भगतपुर टांडा के गांव बुढानपुर अलीगंज के वृद्ध गुलाम नबी को सचिव में मृत दर्शाकर वृद्धावस्था पेंशन रूकवा दी। इसका खुलासा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी करने पर सामने आया। वृद्ध गुलाम नबी पुत्र अब्दुल मजीद निवासी बुढानपुर अलीगंज ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वृद्धावस्था पेंशन आ रही थी। विगत ग्यारह महीनों पहले पेंशन आनी बंद हो गई। सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन की जानकारी मांगी तब प्रार्थी को पता चला कि ग्राम सचिव गरिमा देवी ने मृत्यु हो जाना दर्ज कर पेंशन रूकवा दी। सचिव के समक्ष पेश होकर अपने आप को जीवित बताया तो सचिव ने कहा कि प्रधान और ग्रामीणों के कहने पर मृत दर्शाकर पेंशन रूकवाई है। पीड़ित छह महीने से पेंशन बहाल कराने के लिए दर दर भटक रहा है। ग्रामीण का आरोप है। कि प्रधान और सचिव ने उसकी जगह अपने चेहते दूसरे अपात्र की पेंशन स्वीकृत कर दी। जिलाधिकारी ने ग्रामीण की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र की गहनता से जांच कराने और शिकायत सत्य पाये जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## इस्तीफा दें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री, या लगे राष्ट्रपति शासन : उप्र के मंत्री नितिन अग्रवाल



**हरदोई (उप्र) (भाषा)** उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुए दंगों पर चिंता जाहिर करते हुए रविवार को कहा कि इस घटना के लिये राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस्तीफा दे देना चाहिये, या फिर वहां राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया जाना चाहिए। अग्रवाल ने यहां 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में लोगों को मारा जा रहा है, लूटा जा रहा है और लोग मजबूरन पलायन कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इसके बावजूद वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक भी शब्द नहीं कहा और वह तुष्टिकरण की हद पार कर चुकी हैं। अग्रवाल ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की सरकार मुर्शिदाबाद दंगों के मामले में कार्यवाही करने के बजाय दोषारोपण कर रही है और वहां वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति की खातिर लोगों को मरने के लिये छोड़ दिया जा रहा है। मंत्री ने मांग करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी या तो इस्तीफा दे दें अन्यथा वहां राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए।

अग्रवाल ने किसी का नाम लिये बगैर कहा, ''हम सब कानून के दायरे में रहकर काम करते हैं। सरकार भी कानून के दायरे में रहकर काम करती है लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जो बिना डंडे के नहीं मानते हैं।

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता फरार चल रहे दो ओर बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया

सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** रियल एस्टेट कारोबारी से पंद्रह लाख की लूट करने वाले गैंग का खात्मा पुलिस मुठभेड़ में बचे दो बदमाश भी गिरफ्तार एसएसपी सतपाल अंतिल की सख्त कमान में पुलिस का बड़ा एक्शन कारोबारी से लाखों की लूट करने वाला गैंग मुठभेड़ में ढेर चारों आरोपी।

कटघर क्षेत्र में रियल एस्टेट कारोबारी के वहां हुई लूट में शामिल फरार चल रहे दो बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। कटघर पुलिस ने पीतलनगरी क्षेत्र में मुठभेड़ में दो बदमाशों को दबोचा। कटघर थाना क्षेत्र के पंडित नगला मार्ग पर हुई मुठभेड़ बाइक सवार दोनों बदमाशों को मुठभेड़ में लगी गोली। घायल दोनों बदमाश जिला अस्पताल में भर्ती। बदमाशों के पास से चार लाख 82 हजार रुपए , दो कंट्री मेड पिस्टल, कारतूस व प्लैटिना बाइक बरामद। रियल एस्टेट कारोबारी शम्सुरर-हमान के घर हुई लूट में दोनों बदमाश थे। शामिल दो अन्य बदमाशों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर भेज चुकी जेल।

### उत्तर प्रदेश सरकार का आम जनता को बड़ा तोहफा

## अब 1000 वर्गफीट तक के प्लॉट पर मकान के लिए नक्शा पास कराना जरूरी नहीं

सब का सपना संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने भवन निर्माण से जुड़े नियमों में आम जनता को बड़ी राहत देते हुए ऐतिहासिक बदलाव किए हैं। अब 1000 वर्गफीट तक के प्लॉट पर मकान बनाने के लिए नक्शा पास कराना अनिवार्य नहीं होगा। यह फैसला न केवल निर्माण प्रक्रिया को सरल बनाएगा, बल्कि भ्रष्टाचार और अवैध उगाही पर भी प्रभावी अंकुश लगाएगा।

मुख्यमंत्री की स्वीकृति से लागू भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2025 के तहत कई जटिल प्रक्रियाओं को सरल कर दिया गया है। प्रमुख सचिव ( आवास विभाग ) पी. गुरु प्रसाद के अनुसार, अब 5000 वर्गफीट तक के निर्माण कार्य के लिए किसी भी प्राधिकरण की पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता नहीं, बल्कि प्रमाणित आर्किटेक्ट द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र ही पर्याप्त होगा।

### छोटे प्लॉट पर भी अपार्टमेंट निर्माण को मिली मंजूरी

अब तक जहां अपार्टमेंट बनाने के लिए 2000 वर्गमीटर का प्लॉट आवश्यक होता था, वहीं अब 1000 वर्गमीटर के भूखंड पर भी अपार्टमेंट निर्माण की अनुमति दी जाएगी। अस्पताल और कमर्शियल बिल्डिंग के लिए भूमि की न्यूनतम सीमा घटाकर 3000 वर्गमीटर कर दी गई है। नए नियमों के तहत अब घर के 25% हिस्से में नर्सरी, क्रैच, होम-स्टे या डॉक्टर, वकील, आर्किटेक्ट और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स जैसे प्रोफेशनल्स अपने कार्यालय बिना नक्शे में विशेष उल्लेख के चला सकेंगे।

अब नक्शा पास कराने के लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र विभिन्न विभागों को 7 से 15 दिन की निर्धारित समय सीमा के भीतर देना होगा। समयसीमा में उत्तर न मिलने की स्थिति में ठडउ स्वतः मान्य हो जाएगा। 24 मीटर या उससे अधिक चौड़ी सड़कों पर स्थित रिहायशी क्षेत्रों में अब दुकानें और कार्यालय खोलने की अनुमति दी गई है। वहीं, कम चौड़ाई वाली सड़कों पर डॉक्टर, वकील जैसे प्रोफेशनल्स अपने कार्यालय संचालित कर सकेंगे। अब 45 मीटर चौड़ी सड़कों पर जितनी चाहें उतनी ऊंची इमारतें बनाने की अनुमति होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### समाधान दिवस में आई शिकायतों का हो निस्तारण: सीडीओ

**धनौरा।** शनिवार को तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। मुख्य विकास अधिकारी ने तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा की शिकायतकर्ता यदि निस्तारण से संतुष्ट नहीं है तो निस्तारण नहीं माना जाएगा अधिकारी मौके पर जाएं और देखें शिकायतकर्ता से बात कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे राजस्व विभाग की 9 पुलिस विभाग की 2 विकास विभाग की 2 आपूर्ति विभाग की 2 विद्युत विभाग की 3 वन विभाग की 1 परिवहन कर विभाग की 1 नगर पालिका की 1 एल डी एम की 1 शिक्षा विभाग की 1 सहित कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से राजस्व विभाग की 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। व शेष 18 शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिए गए।

### मारपीट व एससी/एसटी एक्ट के एक आरोपी को 02 वर्ष 06 माह कारावास व अर्थदंड से किया दण्डित

**संभल** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कनविक्शन₹ के दृष्टिगत सम्भल पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में शनिवार को मु0अ0सं0 12/2012 धारा 323/504/506/324 भादवि व 3(1)(10) एससी/एसटी एक्ट थाना बहजोई जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त जफरुद्दीन निवासी नाघोस थाना बहजोई जनपद सम्भल को न्यायालय एससी/एसटी एक्ट कोर्ट जनपद मुरादाबाद द्वारा अभियुक्त जफरुद्दीन उपरोक्त को मुकदमा उपरोक्त में दोष सिद्ध करते हुए 02 वर्ष 06 माह के कारावास व 08 हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया। सजा कराये जाने में आनन्द पाल सिंह एसपीओ, कोर्ट मोहर्रिर का0 अनुज कुमार, कोर्ट पैरोकार हे0का0 जसपाल सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

### सुन्नी वक्फ बोर्ड से आये निरीक्षक ने किया जनेटा दरगाह शरीफ का निरीक्षण

**चंदौसी** बनियाठेर थाना क्षेत्र की जनेटा शरीफ दरगाह मामले को लेकर लखनऊ से सुन्नी वक्फ बोर्ड से आये नौशान शमसी निरीक्षक पहुंचे। उन्होंने दरगाह व उसकी भूमि को देखा। बताया कि वह अपनी रिपोर्ट शीघ्र ही अपने उच्चाधिकारियों को प्रेषित करेंगे।

कुछ दिन पहले तहसील प्रशासन ने जनेटा शरीफ दरगाह के तालाब की नपाई की थी। जिसमें 40 बीघा भूमि पर कब्जा होना बताया गया था। जबकि दरगाह का 2019 को सज्जादानशीन का रजिस्ट्रेशन भी खत्म हो चुका है। फिलहाल पहले वाली ही सज्जादानशीन ही कार्य देख रहे हैं। शनिवार को लखनऊ से सुन्नी वक्फ बोर्ड के निरीक्षक नौशान शमसी जनेटा शरीफ पहुंचे। यहां उन्होंने दरगाह परिसर व तालाब की भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि 2011 से 2019 तक सज्जादानशीन का रजिस्ट्रेशन था। 2024 में सपा नेता जावेद अली सज्जादानशीन के लिए वक्फ बोर्ड में प्रार्थना पत्र दिया था। बताया कि वह शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट अपने उच्चाधिकारियों को प्रेषित करेंगे।

### बस, ट्रक, टेम्पो, ई रिक्शा वाहन चालकों को यातायात नियमों की दी जानकारी

**संभल** पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार विश्नोई वअपर पुलिस अधीक्षक के कुशल दिशा निर्देशन में व पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात व यातायात प्रभारी प्रमोद मान के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान में चौधरी सराय संभल में बस, ट्रक, टेम्पो, ई रिक्शा आदि वाहन चालकों को यातायात से संबंधित जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा बस चालकों को हिदायत दी गई कि वो ओवर स्पीड से वाहन न चलाए तथा इसी क्रम में एक बस और मोटर साइकिल सीज की गई।यातायात प्रभारी प्रमोद मान द्वारा इस्लामनगर चौराहे से संभल तिराहा बहजोई तक रोड किनारे खड़े वाहनों को हटाया गया तथा उनके नो पार्किंग के चालान किए ताकि किसी प्रकार का जाम न लगे।

# कारगिल विजय पर क्विज प्रतियोगिता, विजयी छात्रों को किया गया सम्मानित

### जेएमएस इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में हुआ आयोजन, कारगिल युद्ध की वीरगाथा से छात्रों को कराया परिचित



» सब का सपना संवाददाता

**गाजियाबाद।** डासना मसूरी स्थित जेएमएस इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में शनिवार को कारगिल युद्ध की याद में एक विशेष क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, हापुड़ और बुलंदशहर के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरडब्ल्यूए फेडरेशन गाजियाबाद के कार्यवाहक चेयरमैन कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी उपस्थित रहे। संस्थान की ओर से उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया।कर्नल त्यागी ने अपने संबोधन में कारगिल युद्ध की गंभीरता और रणनीतिक महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि यह युद्ध लगभग 5,000 मीटर की ऊँचाई पर लड़ा गया और भारत के 523 वीर सपूतों ने बलिदान देकर इसे विजय में बदला। उन्होंने यह भी बताया कि गाजियाबाद ने भी इस युद्ध में अपनी अमूल्य भूमिका निभाई थी, जहां के चार वीर सिपाहियों ने वीरगति प्राप्त की।कर्नल त्यागी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए बताया कि कैसे परमवीर चक्र विजेता मनोज पांडे, महावीर चक्र विजेता कैप्टन जीएस सूरी, कीर्ति चक्र विजेता कैप्टन जेएस जस, और अशोक चक्र विजेता मेजर मोहित शर्मा जैसे अमर बलिदानियों की स्मृति में गाजियाबाद के विभिन्न स्थानों के नामकरण किए गए हैं।

कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन आकाश सिंघल, सचिव डॉ. हिमांशु सिंघल, निदेशक अनिरुद्ध विश्वास, मनवीर सिंह और विजय वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए और विजयी छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## जिलाधिकारी वं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



» सब का सपना संवाददाता

**सम्भल गुन्नौर।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में तहसील गुन्नौर सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत का निस्तारण गुणवत्ता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए जिससे शिकायतकर्ता शिकायत पुनः लेकर न आए। तहसील गुन्नौर में कुल 53 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें 06 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं लगभग 10 से 12 शिकायतों के आज ही निस्तारण हेतु टीमें बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी गुन्नौर दीपक चौधरी, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक तिवारी, तहसीलदार गुन्नौर सहित समस्त संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नईमुद्दीन सैफी बने भारतीय सोशल एकता मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी

### हापुड़ से सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय नईमुद्दीन सैफी को मिली अहम ज़िम्मेदारी

» सब का सपना संवाददाता

**हापुड़।** भारतीय सोशल एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अफजल खान ने हापुड़ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता नईमुद्दीन सैफी को संगठन का राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के विस्तार और जनसंपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।




इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अफजल खान ने कहा कि नईमुद्दीन सैफी लंबे समय से समाज सेवा और मीडिया क्षेत्र में सक्रिय हैं। संगठन को विश्वास है कि उनके अनुभव और ऊर्जा से संगठन के कार्यों का प्रचार-प्रसार और जनसंपर्क और अधिक प्रभावी होगा। नईमुद्दीन सैफी ने कहा, संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस ज़िम्मेदारी को निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया के माध्यम से समाज में एकता, समरसता और जागरूकता फैलाने का कार्य वे और अधिक सक्रियता से करेंगे।

## संगीतमय में सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

» सब का सपना संवाददाता



**चंदौसी** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा शनिवार को सतीश अरोड़ा के आवास पर पंजाबी कॉलोनी मे 1117 वे संगीत में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया' जिसमें सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल शर्मा ने विधि विधान पूर्वक सभी देवी देवताओं का पूजन संपन्न कराया ' उसके पश्चात के,जी शर्मा व अनुज शर्मा ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, व बजरंगबाण का मनोहारी वाचन किया ' इसके पश्चात अजय सक्सेना व राजेश शांखधार ने सुंदरकांड की चौपाइयों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया ' सुंदरकांड के उपरांत मनमोहक भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को संगीतमय बनाया ' भजनो की श्रृंखला में के, जी शर्मा, सजा लो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं, अजय सक्सेना ने श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, सुनाकर सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ' ढोलक पर राजू शर्मा ने संगत दी ' आयोजन में सर्वश्री सतीश अरोड़ा, घनश्याम अरोड़ा,अशोक अरोड़ा, रमेश ग्रेवाल,राहुल ग्रेवाल,राजीव शर्मा,आलोक दुबे, विजेंद्र शर्मा, राकेश चौबे,कल्पना वार्ष्णेय, जे, एन मिश्रा, कपिल शर्मा,सुरेश चंद शर्मा,राजकुमार सक्सेना, सच्चिदानंद शर्मा,संजीव शर्मा, गुलशन अरोड़ा, प्रेम ग्रोवर, रामकिशन अग्रवाल, पी, एन शर्मा, प्रवीन मोहन,तिवारी अशोक पाठक, मयंक, पवन जितेंद्र,अशोक सत्यनारायण, अरोड़ा,आदि भक्तजन मौजूद रहे अंत में आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया

## लोनी के रूपनगर में निर्माणाधीन फैक्ट्री का लेंटर गिरा, छह मजदूर घायल

### हादसे के वक्त फैक्ट्री में काम कर रहे थे मजदूर, स्थानीय लोगों और एनडीआरएफ की टीम ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

» सब का सपना संवाददाता

**गाजियाबाद।** लोनी के रूपनगर औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया जब एक निमार्णाधीन फैक्ट्री का लेंटर अचानक भरभराकर गिर पड़ा। घटना के समय कई मजदूर फैक्ट्री के अंदर काम कर रहे थे और मलबे के नीचे दब गए।



हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन चलाया।

चिकित्सकों के अनुसार, सभी छह घायल मजदूरों की हालत फिलहाल स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। एनडीआरएफ की टीम द्वारा काफी देर तक मलबे की तलाशी ली गई, लेकिन और किसी के दबे होने की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच शुरू कर दी है।

हादसे की वजह निर्माण कार्य में लापरवाही मानी जा रही है, जिसकी गहन जांच की जा रही है।

## बगैर मान्यता प्राप्त दो विद्यालय पर गिरी गाज

» सब का सपना



**संभल** /गुन्नौर तहसील गुन्नौर के गांव छपरा में बगैर मान्यता प्राप्त वाले दो विद्यालयों को बन्द कराया गया।इस मामले की जानकारी देते हुए गुन्नौर खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद मेहरा ने बताया कि विकास खण्ड के ग्राम छपरा में बगैर मान्यता प्राप्त दो विद्यालयों पर कार्यवाही की गई है।विद्यालयों में जो वाहन बच्चों को लाने के लिए प्रयोग किये जा रहा थे। उसकी हालत भी संतोषजनक नहीं पाई गई थी।

गाड़ी में नीचे गाटर जोड़ कर पीछे से लगभग 3 फिट गाड़ी को बढ़ाया गया है।जो कभी भी बड़ी दुर्घटना को कारण बना सकती है।उन्होंने बताया कि असुरक्षित वाहन बच्चों के लिए प्रयोग करने पर सीओ गुन्नौर ने एसएचओ धनारी को कार्यवाही करने के लिया आदेशित किया है।

# बंगाल में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर किया प्रदर्शन

### बंगाल में तत्काल राष्ट्रपति शासन किया जाए लागू : अन्नू वार्ष्णेय

» सब का सपना संवाददाता

**चंदौसी** मे अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में दंगा प्रभावित मुर्शिदाबाद को लेकर ममता सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया । नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार हो रहा है रोज हिंदुओं की हत्या की जा रही है महिलायों के खिलाफ खुलेआम अत्याचार किये जा रहे व्यापारियों की दुकानें लूटी जा रही है पर ममता सरकार अपनी आंखों पर पट्टी वान्धे बैठी है बंगाल दंगों की आग में जल रहा है चुन चुन कर




हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है ममता सरकार कुम्भकर्ण की नींद सो गई है केंद्र सरकार तत्काल बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाये।

भाजपा नेता राजकुमार ठाकरे ने कहा एक विशेष समुदाय द्वारा मासूम हिंदुओं पर खुले आम अत्याचार किया जा रहा है हिन्दू पलायन को मजबूर हो रहे है ये सब बंगाल की ममता सरकार की सह पर किया जा रहा है ममता सरकार द्वारा दंगाई को छूट दे रखी है।

अब केंद्र सरकार को कोई उचित कदम उठाना पड़ेगा। ताकि हिंदुओं की रक्षा हो सके।प्रदर्शन में राजू चड्डा शुभम अग्रवाल मोहित सिंह शिशिर वार्ष्णेय नितिन रस्तोगी विशाल गौरव सिंह सचिन रहोली संजू पाल अशोक सिंह संजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## बच्ची को पाकर परिवारजनो का खिला चेहरा की पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा

» सब का सपना संवाददाता

**हयातनगर सम्भल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चन्द्र के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सम्भल अनुज कुमार व थाना प्रभारी हयातनगर चमन सिंह के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में चल रहे आपरेशन मुस्कान के अंतर्गत दिनाकं 19.04.2025 को थाना हयातनगर पर मो० आरिफ पुत्र नबाब निवासी चमन सराय थाना कोतवाली सम्भल जनपद सम्भल मो०न० 8267863589 ने मय एक बच्ची उम्र करीब 03 वर्ष जो छोटे होने एवं भयभीत होने के कारण अपना नाम पता नहीं बता पा रही थी



जो बिजली घर कस्बा हयातनगर के पास रोती हुई मिली के साथ उपस्थित थाना आये। उक्त के सम्बन्ध में थाना प्रभारी व सम्बन्धित चौकी इंचार्ज को अवगत कराया गया। उक्त के सम्बन्ध में तत्काल थाना हयातनगर से थाना प्रभारी द्वारा अविलम्ब एक टीम को नियुक्त किया गया व बच्ची के परिजनों को तलाश करने हेतु आस पास के लोगों व सोशल मीडिया/उउळश के माध्यम से जानकरी की गयी व काफी प्रयास करने के बाद बच्ची के परिजन जो जनपद बदायूं से एक शादी में कस्बा हयातनगर आये थे को तलाश किया गया जिन्होंने अपना नाम राशिद पुत्र अहमद निवासी ग्राम हिंडोल जनपद बदायूं मो०न०- 7037190296 बताया।

बच्ची को सकुशल उनके परिजनो के सुपुर्द कर थाने से रुखसत किया गया। इस दौरान बच्ची के परिजन अपनी गुमशुदा छोटी बच्ची को सकुशल पाकर काफी प्रसन्न हुए एवं पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा करने लगे।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद में मानवता शर्मसार, 4 साल की मासूम के साथ कैब चालक ने की हैवानियत

**नंदग्राम एजेंसी।** नंदग्राम क्षेत्र में 17 अप्रैल को चार साल की बच्ची से स्कूल के कैब चालक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बच्ची की मां ने नंदग्राम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई । इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार,नंदग्राम थानाक्षेत्र निवासी चार साल की बच्ची एक प्ले स्कूल में पढ़ती है। 17 अप्रैल की दोपहर बच्ची घर पहुंची तो घबराई हुई थी। बच्ची को निजी अंग में दर्द था। मां के पूछने पर बच्ची ने बताया कि कैब वाले ने उसके साथ गलत हरकत की है। फिर मां बच्ची को डॉक्टर के पास ले गई। शनिवार को इस संबंध में नंदग्राम थाने में शिकायत दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी 22 वर्षीय मिंटू रावत को गिरफ्तार कर लिया है। मूलरूप से अमरोहा क्षेत्र का रहना वाला आरोपी वर्तमान में राजनगर में रह रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गाजियाबाद में पहले भी छोटी बच्ची और किशोरियों के साथ दुष्कर्म के मामले सामने आ चुके हैं। पिछले महीने लोनी बॉर्डर क्षेत्र में सात साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या करने का मामला सामने आया था,जिसमें रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। वहीं,पिछले साल लोनी में छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया था। इसी तरह पिछले साल खोड़ा में किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया।

### पुडुचेरी के मुख्यमंत्री आवास में बम रखे होने की धमकी निकली अफवाह

**पुडुचेरी, एजेंसी।** केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी के आवास और पड़ोसी डेलार्शपेट के दो होटलों के परिसर में बम रखे होने संबंधी धमकी गहन तलाशी के बाद मात्र एक अफवाह निकली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने शनिवार कोई-मेल के माध्यम से संदेश भेजकर यह धमकी दी थी। पुलिस के अनुसार होटल प्रबंधन ने पुलिस को यह सूचना दी थी। साइबर अपराध के जासूस और बम निरोधक दस्ते खोजी कुत्तों के साथ दो टीम में होटल और मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे। तीन घंटे तक व्यापक तलाशी ली गई। पुलिस ने बताया कि जब मुख्यमंत्री आवास की तलाशी ली गई तो वह मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए गए हुए थे। पुलिस ने बताया कि मामले दर्ज कर लिए गए हैं और संदेश के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच तेज कर दी गई है।

### बेंगलुरु एयरपोर्ट पर खड़े प्लेन से टकराई मिनी बस

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एयरपोर्ट एक प्लेन और मिनी बस की टक्कर हो गई है। यह प्लेन इंडिगो एयरलाइंस का था, जो रनवे पर खड़ा था। तभी एक मिनी बस ने प्लेन को टक्कर मार दी और बस का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह से डैमेज हो गया। इस हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह हादसा बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का है। रविवार की सुबह मिनी बस इंडिगो के विमान में जाकर भिड़ गई। बस ने विमान के अगले हिस्से को टक्कर मारी। हालांकि विमान ऑपरेशनल नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई है और न ही किसी के घायल होने की खबर है। आज यानी 18 अप्रैल 2025 की दोपहर तकरीबन 12¬15 बजे का है। रिपोर्ट्स के अनुसार मिनी बस किसी थर्ड पार्टी एजेंसी की थी। इंडिगो का एयरक्राफ्ट पार्किंग में खड़ा था और मिनी बस वहीं से गुजर रही थी। अचानक मिनी का संतुलन बिगड़ा और बस ने प्लेन के अंडरकैरेज (निचले हिस्से) को टक्कर मार दी।

### 69 साल के बुजुर्ग ने कर दी 42 वर्षीय व्यक्ति की हत्या

**त्रिशूर।** केरल के त्रिशूर जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां घर के अहाते में कुत्ता आ जाने पर एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपित को हिरासत में लिया है। अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने रविवार को बताया कि त्रिशूर जिले के वेल्लीकुलंगरा के पास 42 वर्षीय व्यक्ति की उसके पड़ोसी ने कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मृतक का कुत्ता आरोपित के अहाते में चला गया था। इससे खफा होकर उसने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। मृतक की पहचान शिजो के तौर पर हुई है।

# उद्धव और राज ठाकरे में होगी सुलह? सुप्रिया सुले बोलीं- बहुत खुश होते बाला साहेब

**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एस पी) की सांसद सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि अगर अलग हुए चचेरे भाई राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के हित में फिर से एक साथ हो जाते हैं तो इसका पूरे दिल से स्वागत किया जाना चाहिए।सुले ने दोनों चचेरे भाइयों के बीच सुलह की संभावना के बारे में लगाई जा रही अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही। मनसे नेता राज ठाकरे और उनके चचेरे भाई एवं शिवसेना (यूटीबी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बीच संभावित राजनीतिक सुलह की अटकलों को उस समय बल मिला, जब दोनों के बयानों से संकेत मिला कि वे ''मामूली मुद्दों'' को नजरअंदाज कर सकते हैं और लगभग दो दशक के अलगाव के बाद हाथ मिला सकते हैं।



महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने कहा कि उनके पिछले मतभेद मामूली हैं और मराठी मानुष के व्यापक हित के लिए एकजुट होना कोई मुश्किल काम नहीं है। शिवसेना (यूटीबी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह छोटी-मोटी बातों और मतभेदों को नजरअंदाज करने के लिए तैयार हैं, बशर्ते कि महाराष्ट्र के हितों के खिलाफ काम करने वालों को कोई महत्व नहीं दिया जाए। सुले ने संवाददाताओं से कहा, 'राज ठाकरे ने कहा है कि महाराष्ट्र में हो रहा विवाद उनके विवाद से बड़ा है। यह मेरे लिए खुशी की खबर है, अगर (दिवंगत शिवसेना संस्थापक) बाल ठाकरे हमारे बीच होते तो वह आज बहुत खुश होते।' शनिवार को अभिनेता-निर्देशक महेश मांजरेकर के साथ राज ठाकरे का एक 'पोडकास्ट' जारी हुआ। इसमें राज ने कहा कि जब वह अविभाजित शिवसेना में थे, तब उन्हें उद्धव के साथ काम करने में कोई समस्या नहीं थी। राज ने कहा कि सवाल यह है कि क्या उद्धव उनके साथ काम करना चाहते हैं? महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख ने कहा, 'एक बड़े उद्देश्य के लिए, हमारे झगड़े और मुद्दे मामूली हैं। महाराष्ट्र बहुत बड़ा है। महाराष्ट्र के लिए, मराठी मानुष के अस्तित्व के लिए, ये झगड़े बहुत तुच्छ हैं। मुझे नहीं लगता कि एक साथ आना और एकजुट रहना कोई मुश्किल काम है।

## शादी से 2 दिन पहले दूल्हे के हाथ-पैर तुड़वाए, फरीदाबाद में दुल्हन ने प्रेमी संग मिल रची साजिश

**फरीदाबाद एजेंसी।** फरीदाबाद के बल्लभगढ़ जिस घर में शनिवार को शादी की शहनाई बजनी थी, अब उस घर में मायूसी छाई हुई। आरोप है कि दुल्हन ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर दूल्हे के हाथ-पैर तुड़वा दिए। बुरी तरह पिटाई के चलते दूल्हा अस्पताल में भर्ती है, जहां उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सोतई गांव निवासी प्रेम चंद ने बताया कि उनके बेटे गौरव का रिश्ता त्रिखा कॉलोनी निवासी लायक सिंह की बेटी नेहा के साथ हुआ था। रिश्ता तय होने के करीब 20 दिन बाद 28 मार्च को तिगांव का रहने वाला सौरव नागर नामक युवक उनके बेटे गौरव से मिला। उसके साथ सोनू भी था। इस दौरान दोनों ने गौरव को नेहा से शादी नहीं करने की धमकी दी। गौरव ने इसकी शिकायत पुलिस से कर दी थी। शिकायत के बाद पुलिस ने सौरव नागर और सोनू दोनों को पूछताछ के लिए थाने में बुलाया था। इस दौरान तिगांव के मौजिज व्यक्ति थाने में आ गए। जहां उन दोनों आरोपी युवकों ने अपनी गलती की माफी मांगी।

इसके बाद 15 अप्रैल को गौरव की लग्न सगाई हुई और 19 अप्रैल को शादी होनी थी। आरोप है युवती ने शादी से 2 दिन पहले अपने होने वाले पति की फोटो और एड्रेस प्रेमी को भेज दिया और फिर प्रेमी ने अपने 4 साथियों के साथ आईएमटी इलाके में युवक पर हमला कर दिया।

इस हमले में बुरी तरह घायल हुए युवक के हाथ-पैरों के साथ पूरे शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। वारदात के बाद गौरव ने फोन कर परिजनों को इसकी जानकारी दी। उसके बाद वह सीधे मौके पर पहुंचे। उन्होंने पाया कि उसकी कार भी तोड़ी हुई थी और वह लहुलूहान हालत में पड़ा हुआ था। उसे तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गौरव ने बताया कि सौरव नागर, सोनू व तीन अन्य युवकों ने हथियार के बल पर जबरन उसकी कार रुकवाई और पीट-पीटकर उसके हाथ-पैर तोड़ दिए। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो नामजद सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## चढ़ते पारे ने अस्पतालों में बढ़ाई मरीजों की संख्या

**गाजियाबाद एजेंसी।** जिले के सरकारी अस्पतालों में डायरिया (उल्टी-दस्त) के मामले बढ़ रहे हैं। शनिवार को अस्पतालों में 200 से अधिक डायरिया के मरीज पहुंचे। इनमें से 12 मरीजों को भर्ती करने की जरूरत पड़ी। अप्रैल माह की शुरुआत से ही तापमान ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। मौसम में बदलाव से खांसी के साथ उल्टी-दस्त और पेट में दर्द के मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। पिछले कई दिनों से पारा 40 डिग्री के आसपास है।

हीट स्ट्रोक की भी शिकायत मिलने लगीं है। ऐसे में गलत खानपान के कारण लोग डायरिया से पीड़ित हो रहे हैं। एमएमजी अस्पताल में शनिवार को 1,200 नए मरीजों का पंजीकरण हुआ। जबकि पांच सौ पुराने मरीज उपचार के लिए पहुंचे। नए मरीजों में 600 महिलाएं, 350 पुरुष और 250 बच्चे थे। अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि ओपीडी में ज्यादातर मरीज उल्टी-दस्त और पेट दर्द की समस्या लेकर आ रहे हैं। इनसे कई मरीजों को भर्ती किया गया। इसी तरह संजय



नगर स्थित संयुक्त अस्पताल में भी 844 मरीज ओपीडी में पहुंचे। इनमें 400 महिलाएं, 224 पुरुष और 150 बच्चे थे। फिजिशियन डॉ. राहुल वर्मा ने बताया कि उनके पास उल्टी-दस्त के भी मरीज आ रहे हैं। इन्हें ओपीडी से ही उपचार उपलब्ध कराया गया। जबकि गंभीर मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। एमएमजी अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विपिन उपाध्याय ने बताया कि खानपान की वजह से बच्चों में पेट दर्द और डायरिया की परेशानी देखने को मिल रही है। 80 प्रतिशत बच्चे इस इस समय इसी समस्या से पीड़ित आ रहे हैं। उन्होंने डायरिया से बचने के लिए इस मौसम में पानी को उबालकर पीने और बाहर के खाने से परहेज करने करने की सलाह दी है। डॉक्टरों का मानना है कि अधिकतर मामलों में कटे फल और बाहर का खाना खाने की वजह से मरीजों में पेट की समस्या बढ़ रही है।

## पुलिस अधिकारी ने ईवीएम से छेड़छाड़ के लगाए आरोप, वीडियो भी किया जारी

**मुंबई, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने निलंबित महाराष्ट्र पुलिस अधिकारी रणजीत कासले के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ के आरोपों का जवाब दिया है। ईसीआई ने कहा कि ये आरोप एक नाराज पुलिस अधिकारी ने लगाए, जो सस्पेंड है। दरअसल, कासले का एक वीडियो आया था जिसमें उन्होंने चुनाव आयोग पर ईवीएम टैंपरिंग के आरोप लगाए थे। कांग्रेस ने इसे अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शेयर किया था। अब आयोग ने कांग्रेस के पोस्ट के जवाब में कहा, ईवीएम हैंडलिंग का प्रोटोकॉल इतना सख्त है कि छेड़छाड़ की कोई गुंजाइश ही नहीं। इस मामले में मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के जरिए जिला मजिस्ट्रेट और सीनियर पुलिस अधीक्षक (एससपी) से रिपोर्ट मांगी गई है। इसके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

चुनाव आयोग ने एक्स पर पोस्ट में कहा, ये आरोप एक नाराज और निलंबित पुलिस अधिकारी ने लगाए हैं। ईवीएम के लिए सख्त कानूनी प्रोटोकॉल है, जिसके चलते इससे छेड़छाड़ की कोई संभावना नहीं है। फिर भी, मामले की गंभीरता को देखते हुए सीईओ के जरिए डीएम और एसएसपी से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट के बाद कार्रवाई होगी। आयोग ने घटना पर एक रिपोर्ट भी शेयर की, जिसमें कहा गया कि रणजीत कासले (पुलिस सब-इंस्पेक्टर) महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान इलेक्शन ड्यूटी पर नहीं थे। आरोपों का मकसद जनता के बीच शांति भंग करना और हिंसा भड़काना है। ईसीआई की पोस्ट में आगे कहा गया, बीड के डीईओ को रणजीत कासले के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) ने आयोग को बताया कि कासले के खिलाफ ईवीएम स्टोरेज प्रक्रिया के बारे में झूठी जानकारी फैलाने के लिए एफआईआर दर्ज की गई है।

## गूगल को एंटीट्रस्ट केस में मिली हार

**वाशिंगटन एजेंसी।** हाल ही में ूगल एक बड़ा केस हार गई है, जो मोनोपोली से जुड़ा हुआ है। इसके साथ ही कंपनी इसी तरह के एक और मामले का सामना कर रही है, जिसका ट्रायल इस महीने के अंत तक शुरू हो सकता है। इतना ही नहीं गूगल को जापान के फेयर ट्रेड कमीशन की ओर से एक एंटीट्रस्ट सीज ऑर्डर भी मिला है।

कर्मचारियों को भेजे गए मेमो

इन सब चीजों को लेकर अपने कर्मचारियों की चिंताओं को देखते हुए कंपनी ने एक मेमो अपने कर्मचारियों को भेजा है, जिसमें कंपनी ने कर्मचारियों से काम पर ध्यान केंद्रीत करने और इस निर्णय के बारे में ज्यादा नहीं सोचने का आग्रह किया है।

बता दें, बिते गुरुवार को फेडरल जज ने अपने फैसले में कहा था कि गूगल ने एंटीट्रस्ट का उल्लंघन किया है और ऑनलाइन टेक इंडस्ट्री में अवैध तरीके से मोनोपोली बनाई है। 2023 में गूगल ने विज्ञापनों के जरिए 237.9 अरब डॉलर कमाए थे। ये रकम माइक्रोसॉफ्ट से कहीं ज्यादा है, जो गूगल के मुख्य कंपिटिशन हैं।

इस मामले को लेकर गूगल के खिलाफ केस किया गया था। ऐसा सिर्फ गूगल के साथ ही नहीं, अन्य टेक प्लेटफॉर्म्स को भी ऐसे मामलों का सामना करना पड़ रहा है। कोर्ट के इस फैसले के बाद अमेरिकी डिपार्टमेंट गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट पर गूगल एड मैनेजर को बेचने का दबाव बना सकती है। डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस पहले भी ऐसे एक्शन के संकेत दे चुका है। हालांकि, इस मामले पर गूगल ने कहा है कि हम आधा केस जीत चुके हैं और आधे के लिए हम अपील करेंगे। कर्मचारियों को दिए अपने संदेश में गूगल रेगुलेटर अफेयर्स के वॉयस प्रेसिडेंट ली-एनी मुलबोलैंड ने इस बात पर जोर दिया कि कंपनी ने आधा मामला जीत लिया है। कोर्ट ने पाया है कि हमारे एडवरटाइजर टूल्स और डबल क्लिक जैसे हमारे अधिग्रहण से कंपिटिशन को कोई नुकसान नहीं है। उन्होंने कहा, हमारे पब्लिशर टूल्स को लेकर कोर्ट का जो फैसला आया है उससे हम सहमत नहीं है। पब्लिशर्स के पास कई ऑप्शन होते हैं, लेकिन उन्होंने गूगल को चुका क्योंकि हमारा टूल सिंपल, सस्ता और प्रभावी है।

## शेख हसीना के खिलाफ इंटरपोल से बांग्लादेश ने मांगी मदद, रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने का किया अनुरोध

### 11 अन्य लोगों के खिलाफ नोटिस जारी करने की अपील

### इस संबंध में बांग्लादेश पुलिस ने इंटरपोल से किया संपर्क

### अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने दिया था निर्देश



**ढाका, एजेंसी।** पिछले साल 5 अगस्त को हिंसा के बाद भारत में शरण ले चुकीं शेख हसीना के खिलाफ बांग्लादेश ने इंटरपोल से मदद मांगी है। बांग्लादेश पुलिस के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो ने पूर्व पीएम शेख हसीना समेत 12 लोगों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने का अनुरोध इंटरपोल से किया है।

पुलिस मुख्यालय में सहायक महानिरीक्षक इनामुल हक सागर ने कहा कि एनसीबी अदालतों, सरकारी अभियोजकों या जांच एजेंसियों से मिली अपीलों के आधार पर इंटरपोल से ऐसे अनुरोध करती है।

ये आवेदन उन आरोपों के संबंध में दायर किए जाते हैं, जो जांच के दौरान या चल रही केस कार्यवाही के माध्यम से सामने आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विदेश में रहने वाले भगोड़ों के ठिकानों की पहचान करने में इंटरपोल अहम भूमिका निभाता है। पिछले साल नवंबर महीने में बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक कार्यालय ने पुलिस से कहा था कि वह शेख हसीना और अन्य भगोड़ों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने में इंटरपोल की सहायता ले। पिछले साल जुलाई महीने में बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ छात्रों का आंदोलन भड़का था। लगभग एक महीने तक यह आंदोलन चला। बाद में पांच अगस्त आंदोलन ने सरकार विरोधी रुख अपना लिया। राजधानी ढाका में भारी हिंसा के बाद शेख हसीना को अपना पद और देश दोनों छोड़ना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तब से शेख हसीना भारत में हैं। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पिछले 16 साल से बांग्लादेश की सत्ता में थी। शेख हसीना के देश छोड़ने के तीन दिन बाद बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का गठन हुआ। मोहम्मद यूनुस इस सरकार के प्रमुख बने। यूनुस सरकार ने शेख हसीना और उनके सहयोगियों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में केस चलाया। न्यायाधिकरण ने शेख हसीना, उनके मंत्रियों और सहयोगियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया था।

## 36 साल की महिला को जिंदा निगल गया अजगर, पेट से निकालना पड़ा शव

**जकार्ता, एजेंसी।** एक विशाल अजगर के द्वारा 36 साल की महिला को जिंदा निगल जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हाल के दिनों में यह दूसरी घटना है। पुलिस के अनुसार, महिला अपने बीमार बच्चे के लिए दवा लेने के लिए निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो उसे ढूंढने के लिए उसका पति घर से बाहर निकला। कुछ दूर चलने पर उसके घर से 500 मीटर की दूरी पर महिला की चप्पल और पैंट पड़ी मिलीं। वहीं से कूछ दूरी पर उसने देखा कि एक अजगर का पेट फुला हुआ है। इसके बाद पूरी घटना की जानकारी सामने आई। आपको बता दें कि यह घटना इंडोनेशिया



के साउथ सुलावेसी प्रांत की है।

पुलिस के अनुसार, 36 साल की सिरियाति मंगलवार सुबह अपने बीमार बच्चे के लिए दवा लेने निकली थीं, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटीं। जब कई घंटों तक कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। पुलिस ने कहा, पति आदियानसा को उनके घर से करीब 500 मीटर दूर उनकी चप्पल और पैंट जमीन पर पड़ी मिलीं। वहीं से कुछ ही दूरी पर उन्हें एक असामान्य रूप से फूला हुआ विशाल अजगर दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत गांववालों को बुलाया और अजगर के पेट को काटकर देखा गया, जहां से सिरियाति का शव बरामद हुआ।

स्थानीय पुलिस प्रमुख इदुल ने बताया कि अजगर अभी जिंदा था और जब उसका पेट काटा गया तो शव साबुत अंदर पाया गया। गांव के सचिव इयांग ने बताया कि अजगर का पेट इतना बड़ा था कि गांववाले तुरंत समझ गए कि उसके अंदर कुछ गंभीर है।

**पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं:** यह घटना अकेली नहीं है। साउथ सुलावेसी में पिछले महीने भी एक महिला को रेटिकुलेटेड पायथन ने निगल लिया था। इससे पहले 2023 में एक किसान को 8 मीटर लंबे अजगर ने निगल लिया था। 2022 में जांबी प्रांत में एक महिला को अजगर ने निगला। 2018 में 54 वर्षीय महिला का शव 7 मीटर लंबे अजगर के पेट से मिला। 2017 में एक किसान, अकबर को 4 मीटर लंबे अजगर ने निगल लिया था। रेटिकुलेटेड पायथन दुनिया का सबसे लंबा सांप माना जाता है और यह दक्षिणी एशिया में पाया जाता है। यह 20 फीट से भी ज्यादा लंबा हो सकता है और कुछ विशेष परिस्थितियों में इंसानों को भी निगलने में सक्षम होता है। लंदन के नैचुरल हिस्ट्री म्यूजियम के अनुसार, अब तक दर्ज सबसे लंबा रेटिकुलेटेड पायथन 1912 में मिला था, जिसकी लंबाई करीब 33 फीट थी।

## ईंजन - नया डायरेक्ट-टू-कस्टमर मेन्सवियर ब्रांड भारत में लॉन्च हुआ

**बैंगलोर:** प्रीमियम मेंसवियर ब्रांड ईंजन अब भारत में लॉन्च हो गया है। यह ब्रांड लग्जरी फैशन को किफायती बनाकर लोगों के लिए और भी सुलभ बना रहा है। इसे ज्ञानप्रकाश, कार्तिकेयन के., कार्तिकेयन पी., रमेश कुमार और दिनेश डी. ने मिलकर शुरू किया है। ये सभी डीजल और गेस जैसे मशहूर अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के साथ काम कर चुके हैं। इन्होंने महसूस किया कि भारत में अच्छे क्वालिटी वाले, लेकिन सस्ते दामों में मेन्सवियर की कमी है। इसी सोच से ईंजन की शुरूआत हुई।

ईंजन का हेडक्वार्टर बैंगलोर में है और इसने अपने स्प्रिंग-समर 2025 कलेक्शन के साथ शुरूआत की है। इस कलेक्शन में ऐसे कपड़े शामिल हैं जो न सिर्फ.स्टाइलिश हैं, बल्कि आरामदायक, मजबूत और शानदार भी हैं। ये कपड़े प्रीमियम सुपीमा कॉटन और सुपीमा मिक्स यार्न से बनाए गए हैं। कलेक्शन में मिस-जर्सी, माइक्रो-पिक, इंटरलॉक, जैक्वार्ड और फ्रेंच टेरी जैसे अलग-अलग फैब्रिक हैं, जिन्हें उनके खास लुक और क्वालिटी के लिए चुना गया है। आधुनिक प्रिंटिंग और खूबसूरत कढ़ाई के साथ ये कपड़े इंटरनेशनल लुक देते हैं।

ईंजन एक डिजिटल-फर्स्ट और डायरेक्ट-टू-कस्टमर (ऊ2उ) मॉडल पर काम करता है। इसका मतलब है कि कंपनी खुद ही अपने प्रोडक्ट बेचती है, जिससे गुणवत्ता और कीमत दोनों पर उसका पूरा कंट्रोल रहता है। यह कलेक्शन सिर्फ ईंजन की वेबसाइट पर मिलेगा, और जल्दी ही इसका मोबाइल ऐप भी एंड्रॉइड और आईओएस पर आएगा।

इस ब्रांड का मकसद है कि प्रीमियम क्वालिटी के कपड़े ज्यादा लोगों तक पहुंचें, डायरेक्टर कार्तिकेयन के. कहते हैं, ह्लईंजन सिर्फ. फैशन नहीं है, यह सोच बदलने की कोशिश है। अच्छी क्वालिटी हर किसी का हक है।



# जटाधारा से पहले सोनाक्षी सिन्हा की निकिता रॉय

## पोस्टर के साथ सामने आई रिलीज डेट

**एक्ट्रेस सोनाक्षी** सिन्हा इन दिनों तेलुगू डेब्यू फिल्म जटधारा को लेकर चर्चा में हैं, जिसकी शूटिंग उन्होंने हाल ही में खत्म की है. जहां फैंस इस फिल्म की रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं तो वहीं सोनाक्षी सिन्हा की नई फिल्म की पहली झलक सामने आ गई है. यह है बहुप्रतीक्षित साइकोलॉजिकल थ्रिलर निकिता रॉय, जिसकी रिलीज डेट का मेकर्स ने ऐलान कर दिया है. फिल्म 30 मई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है और हाल में मेंकर्स ने फिल्म का एक नया आकर्षक पोस्टर जारी किया है.



इस फिल्म में एक पावर-पैक्ड कास्ट नजर आएंगी जिसमें सोनाक्षी सिन्हा, अर्जुन रामपाल, परेश रावल और सुहैल नय्यर जैसे बेहतरीन कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं. फिल्म को डायरेक्ट कुश एस सिन्हा ने किया हैं, और एक चिलिंग, इमर्सिव एक्सपीरियंस का वादा करती है, जो साइकोलॉजिक थ्रिलर और ह्यूमन माइंड के ग्रे एरियास को एक्सप्लोर करती है.

निकिता पाई फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले बनी ह्यनिकिता रॉय' का नेतृत्व किंजल अशोक घोने ने निकी खेमचंद भगनानी, विक्की भगनानी, अंकुर टकरानी, दिनेश रतिराम गुप्ता और क्रेटोस एंटरटेनमेंट के सहयोग से किया है. वहीं फिल्म की कहानी और स्क्रीनप्ले प्रशंसित थ्रिलर लेखक पवन कृपलानी का है.

इस फिल्म को लेकर अपनी एक्साइटमेंट शेयर करते हुए फिल्म के निमार्ता निक्की और विक्की भगनानी ने कहा, ङ्मयह फिल्म हमारे दिल के बहुत करीब है. ये उन विषयों को छूती है जो मेनस्ट्रीम सिनेमा में शायद ही कभी देखने मिलते हैं. इसका जॉनर हमारे लिए बहुत एक्साइटिंग है, और हमें पूरा भरोसा है कि दर्शक भी तैयार हैं इस तरह के कंटेंट के लिए. एक दमदार कास्ट, दिलचस्प कहानी और कुश एस सिन्हा का अनोखा विजन मिलके इसे एक मस्ट-वॉच बना देते हैं. हम बहुत खुश हैं कि दुनिया 'निकिता रॉय' को बड़े पर्दे पर देखेंगी.''

# इच्छा थी जनता की सेवा करना, जाना चाहते थे खाकी में लेकिन पहुंच गए खादी में

» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहाः** कहावत है मेहनत करने वालों की हार नहीं होती निकम्मे लोगों की जय जयकार नहीं होती। अगर ईमानदारी के साथ मन में सपना पाल लिया और उसे पूरा करने के लिए प्रयास किया जाए तो वह अवश्य ही पूरा होता है।

आज एक ऐसे ही शख्सियत से आपको रूबरू कराएंगे। नाम है राजेंद्र सिंह खड़कवंशी फिलहाल वह उत्तर प्रदेश के जनपद अमरोहा के विकासखंड गंगेश्वरी में ब्लॉक प्रमुख के पद पर तैनात हैं। वह लगातार अपनी कार्य शैली के लिए जाने जाते हैं। इतना ही नहीं भ्रष्टाचार का मामला हो या शिक्षा का, अगर उन्हें पता लग जाता है कि इस विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है तो वहां पर जाकर उस भ्रष्टाचार को उजागर करने का कार्य भी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी करते हैं। राजेंद्र सिंह खड़गवंसी का जन्म 12 फरवरी 1988 को किसान परिवार में हुआ था। इनके पिता शीशराम सिंह किसान थे। माता इमरती देवी ग्रहणी का कार्य करती थी। होस संभालने के बाद राजेंद्र सिंह का मन जनता की सेवा करने का था। इसीलिए उन्होंने बीए तक शिक्षा ग्रहण की और मन में खाकी में जाने का सपना पाल लिया था। लगातार अपने सपने को लेकर वह प्रयास कर रहे थे लेकिन कहते हैं कि ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। पुलिस का एग्जाम दिया लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। उसके बाद से राजेंद्र सिंह खड़कवंशी ने मन बना लिया की जनता की सेवा करनी है और जनता की सेवा करने के लिए उन्होंने राजनीति को अपना करियर चुना।



इसके बाद प्रथम बार पत्नी को जिला पंचायत का चुनाव लड़ाया और वह प्रथम बार में चुनाव में विजय हुईं। जिला पंचायत के पद पर रहते हुए वह जनता की सेवा में लग रहे और उसी का परिणाम था कि 2010 में फिर से उनकी पत्नी हसनपुर ब्लॉक से ब्लॉक प्रमुख बनी। लगातार राजेंद्र सिंह खड्गवंशी जनता की सेवा में लगे रहे और 2015 में फिर सीट आरक्षित होने की वजह से वह चुनाव नहीं लड़ पाए। लेकिन इस दौरान भी वह जनता के आनको कार्यक्रमों में जाते रहे। लगातार जहां भी उन्हें मौका मिलता जैसे भी मौका मिलता वह समाज की सेवा में लगे रहते। इसी का परिणाम था कि 2021 में फिर से वह विकासखंड गंगेश्वरी में ब्लॉक प्रमुख के पद पर तैनात हुए।

अभी भी वह लगातार जनता की सेवा में लगे रहते हैं और बताते हैं कि मेरे द्वारा मेरे विकासखंड क्षेत्र के लगभग सभी गांव में प्रमुख निधि से कार्य कराया गया है। मेरे द्वारा आगे भी विकास खण्ड क्षेत्र में कार्य कराया जा रहा है। वह कहते हैं कि यदि हमें अपने जीवन को सफल बनाना है तो जनता के लिए हमेशा तत्पर खड़े रहना चाहिए। क्योंकि मानव धर्म कहता है की कभी भी हमें मदद से पीछे नहीं हटना चाहिए।

हालांकि 2024 में लोकसभा चुनाव के लिए भी राजेंद्र सिंह खड्गवंशी ने अपनी दावेदारी पेश की थी। लेकिन टिकट नहीं मिलने की वजह से वह चुनाव नहीं लड़ सके। वह कहते हैं कि मैं हमेशा जनता की सेवा में लगा रहना चाहता हूं। जनता के बीच रहना चाहता हूं। वह बताते हैं की मेरा सपना फोर्स में भर्ती होना था और फोर्स में रहकर जनता की सेवा करना था। लेकिन प्रभु की इच्छा अलग थी प्रभु की इच्छा थी कि मैं राजनीति में रहकर जनता की सेवा करूं। मैं अगर फोर्स में होता तब भी जनता की सेवा करता और आज राजनीति में रहकर भी मैं जनता की सेवा कर रहा हूं और आगे भी इसी तरीके से जनता की सेवा करता रहूंगा।

हालांकि आपको बता दें कि राजेंद्र सिंह खड्गवंशी हसनपुर विधानसभा से विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी के छोटे भाई हैं और दोनों भाई लगातार जनता के बीच रहकर जनता की सेवा करते हैं। वह कहते हैं कि जनसेवक के अंदर बुराई पैदा हो जाती हैं लेकिन मेरे बारे में कहीं पर भी जाकर किसी से भी पूछ लो मेरी कोई भी बुराई नहीं कर सकता और इसका केवल एक ही कारण है कि मैं हमेशा अपने लोगों व जनता के बीच उनकी समस्या सुनने के लिए खड़ा हुआ हूं। वह बताते हैं कि हर दिन मैं जनता दरबार लगाता हूं जिसमें क्षेत्र की दूरदराज से आए हुए लोगों की समस्याएं सुनी जाती हैं और उन समस्याओं को सुनकर उनकी समस्या का समाधान किया जाता है।

## खेल

### न्यूज ब्रीफ

## अर्जुन बाबुता 10 मीटर एयर राइफल में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूके

**लीमा (पेरू) (एजेंसी)** पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता यहां आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे बाबुता (252.3) रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ (252.4) से सिर्फ 0.1 अंक से हार गए। विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में कई स्टार निशानेबाज पहुंचे थे जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन, नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल शामिल थे।

भारत के पास दो पदक जीतने का मौका था, लेकिन दुर्भाग्य से तकनीकी खराबी के कारण पाटिल को जूरी ने अपना 11वां शॉट नहीं लेने दिया। इस तरह से यह भारतीय निशानेबाज पहले एलिमिनेशन चरण में हारकर आठवें स्थान पर रहा।

फाइनल में बाबुता और पाटिल दोनों ने समान 10.1 के साथ मजबूत शुरुआत की। पाटिल ने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन इस बार भाग्य उनके साथ नहीं था और उन्हें फाइनल के शुरु बाहर होना पड़ा। पाटिल के बाहर हो जाने के बावजूद बाबुता शांत रहे और उन्होंने 14वें शॉट के बाद पहली बार बढ़त ले ली। शेंग ने इसके बाद अच्छी वापसी की। बाबुता को एक समय 0.3 अंक की मामूली बढ़त हासिल थी लेकिन चीन के निशानेबाज में 10.9 अंक का निशाना साधकर बढ़त बना दी।

## नहीं पता कि हमने क्या गलत किया: पराग

**जयपुर(एजेंसी)** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए अधिकांश समय अच्छी स्थिति में होने के बावजूद दो रन की हार के बाद कहा कि उन्हें नहीं पता कि टीम ने क्या गलत किया।

सुपर जाइंट्स के 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की 52 गेंद में चार छक्कों और पांच चौकों से 74 रन की पारी की बदौलत रॉयल्स की टीम एक समय दो विकेट पर 156 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में थी लेकिन आवेश खान (37 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पांच विकेट पर 178 रन ही बना सकी।

आवेश ने 18वें ओवर में जायसवाल और पराग दोनों को आउट करके मैच का रुख सुपर जाइंट्स के पक्ष में मोड़ा।

लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इससे पहले एडेन मारक्रम की 45 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों से 66 रन की पारी और आयुष बडोनी (50 रन, 34 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के साथ चौथे विकेट की उनकी 76 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 180 रन बनाए। अब्दुल समद (नाबाद 30, 10 गेंद) ने पारी के अंतिम ओवर में संदीप शर्मा (51 रन पर एक विकेट) पर चार छक्कों से 27 रन जोड़े। पराग ने मैच के बाद कहा, भावनाओं को व्यक्त करना वाकई मुश्किल है।

## आरसीबी ने पंजाब को छह विकेट पर 157 रन पर रोका

**मुल्लांपुर (एजेंसी)** कृणाल पंड्या और सुयश शर्मा की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां पंजाब किंग्स को छह विकेट पर 157 रन के स्कोर पर रोक दिया।

बाएं हाथ के स्पिनर कृणाल (25 रन पर दो विकेट) और लेग स्पिनर सुयश (26 रन पर दो विकेट) की फिरकी के सामने पंजाब की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और उसका कोई बल्लेबाज अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाया।



सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 33 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे जबकि शशांक सिंह ने नाबाद 31 रन बनाए। जोश इंग्लिस (29), मार्को यानसेन (नाबाद 25) और प्रियांश आर्य (22) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। प्रभसिमरन और प्रियांश ने पंजाब को तेज शुरूआत दिलाई। प्रभसिमरन ने यश दयाल का स्वागत चौके से किया जबकि प्रियांश ने इसी ओवर में छक्का और चौका मारा। प्रभसिमरन ने भुवनेश्वर पर भी तीन चौके मारे।

प्रियांश ने जोश हेजलवुड पर दो चौके मारे लेकिन कृणाल की गेंद पर तेज प्रहार करने की कोशिश में गेंद को हवा में लहरा गए और टिम डेविड ने आसान कैच लपका।

प्रभसिमरन ने हेजलवुड पर छक्के के साथ पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 62 रन तक पहुंचाया लेकिन कृणाल की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लॉन्ग ऑन पर डेविड को कैच दे बैठे। उन्होंने 17 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और एक छक्का मारा। कप्तान श्रेयस अय्यर भी सिर्फ छह रन बनाने के बाद रोमारियो शेफर्ड पर गेंद पर कृणाल के हाथों लपके गए।

निहाल वढेरा (05) भी इसके बाद जोश इंग्लिस के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हो गए जिससे पंजाब का स्कोर चार विकेट पर 76 रन हो गया।

इंग्लिस और शशांक ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। इंग्लिस ने शेफर्ड पर दो चौकों के साथ 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया।

इंग्लिस ने कृणाल पर छक्का भी मारा लेकिन सुयश की सीधी गेंद को चूककर बोल्ड हो गए।

## लोकपाल के आदेश के खिलाफ अदालत जाऊंगा : अजहरुद्दीन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के उत्तरी स्टैंड से उनका नाम हटाने के हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) के लोकपाल के आदेश पर रोक लगाने के लिए तेलंगाना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की योजना बना रहे हैं।



न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) वी ईश्वरैया ने एचसीए की सदस्य इकाइयों में से एक लॉर्ड्स क्रिकेट क्लब द्वारा दायर याचिका के आधार पर यह निर्णय लिया जिसमें आरोप लगाया गया था कि अजहरुद्दीन ने मनमाने फैसले लेकर तत्कालीन एचसीए अध्यक्ष के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया। न्यायमूर्ति ईश्वरैया एचसीए के आचरण अधिकारी भी हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 99 टेस्ट और 334 एकदिवसीय मैच खेलने वाले अजहर ने दिसंबर 2019 में उत्तरी स्टैंड का नाम अपने नाम पर रखने के प्रस्ताव को पारित कराने के लिए पूर्व एचसीए अध्यक्ष के रूप में शीर्ष परिषद की बैठक में बैठकर एचसीए के नियमों का उल्लंघन किया। एचसीए संविधान के अनुसार किसी प्रस्ताव को आम सभा (एजीएम) द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है। अजहरुद्दीन ने पीटीआई से कहा, मैं निश्चित रूप से कानूनी सहारा लूंगा और इस आदेश पर रोक लगाने के लिए उच्च न्यायालय में अपील करूंगा। यह शर्म की बात है कि एक भारतीय कप्तान का नाम हटाने के लिए कहा जा रहा है। पूर्व भारतीय कप्तान ने लोकपाल के आदेश की वैधता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उनका कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है।

अजहर ने कहा, संघ के उपनियमों के अनुसार, लोकपाल/आचरण अधिकारी का कार्यकाल एक वर्ष का होता है। इस मामले में लोकपाल का कार्यकाल 18 फरवरी 2025 को समाप्त हो गया था और उस अवधि के बाद पारित कोई भी आदेश अमान्य है।

उन्होंने कहा, उन्हें सेवा विस्तार नहीं मिला है जो केवल एजीएम के दौरान दिया जा सकता है जो नहीं हुआ है। तो फिर उन्होंने आदेश कैसे पारित किया। इस 62 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर ने आरोप लगाया कि उन्हें इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि कुछ एचसीए अधिकारी उनके अध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान भ्रष्ट आचरण में लिप्त नहीं हो सके।

अजहर को सितंबर 2019 में एचसीए अध्यक्ष चुना गया था और उनका कार्यकाल सितंबर 2023 में समाप्त हो गया था।

उनके विवादास्पद कार्यकाल के दौरान उच्चतम न्यायालय ने फरवरी 2023 में संघ के मामलों का प्रबंधन करने के लिए न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव की एक सदस्यीय समिति नियुक्त की थी।

विपक्षी गुट ने आरोप लगाया कि अजहरुद्दीन से जुड़े लोग आयु वर्ग की टीमों में चयन घोटाले में शामिल थे। इस आरोप का 15000 से अधिक रन बनाने वाले इस पूर्व क्रिकेटर ने खंडन किया।

अजहर ने कहा, ऐसे बदमाश जिन्होंने कभी हाथ में बल्ला नहीं पकड़ा, मुझ पर उंगली उठा रहे हैं। अगर वे स्टैंड से मेरा नाम हटाना चाहते हैं, जिस व्यक्ति ने भारत के लिए 433 मैच खेले हैं, तो आप शिवलाल यादव (पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर) का नाम भी हटा सकते हैं, उनका नाम भी तब दिया गया जब वे खुद एचसीए के अध्यक्ष थे।

उन्होंने कहा, आप आबिद अली, टाइगर पटौदी और एमएल जयसिम्हा के नाम हटा दें। यह एक ऐसा संघ है जो खिलाड़ियों का सम्मान नहीं करता। और लोकपाल किसकी याचिका पर कार्रवाई कर रहा है? उस क्लब (लॉर्ड्स क्रिकेट क्लब) की जिसमें कोई पारदर्शिता नहीं है कि इसका असली मालिक कौन है और इसे कौन चलाता है। एक अन्य आरोप उत्तरी स्टैंड से वीवीएस लक्ष्मण का नाम हटाकर उस पर अपना नाम लिख देने का था।

अजहर ने स्पष्ट किया, क्या मैं मूर्ख हूं कि लक्ष्मण जैसे दिग्गज का नाम स्टैंड से हटा दूं जो हमारे क्षेत्र से 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने वाले एकमात्र व्यक्ति हैं? उत्तरी स्टैंड में पवेलियन का नाम लक्ष्मण के नाम पर है और यह अभी भी वहां है, आप जांच कर सकते हैं।

## गुजरात के खिलाफ कोलकाता के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

**कोलकाता (एजेंसी)** मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज गुजरात टाइटंस के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में अपने ु1बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

कोलकाता की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में 112 रन के लक्ष्य काफी अच्छा करते हुए 95 रन पर आउट हो गई थी। उसका टीम प्रबंधन बल्लेबाजों की इस खराब प्रदर्शन से निश्चित रूप से चिंता में होगा।

कोलकाता ने हालांकि अपने पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर को फिर से अपने टीम प्रबंधन से जोड़ा है। नायर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने हाल में राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच पद से हटा दिया था। कोलकाता ने इसके तुरंत बाद उन्हें अपनी टीम से जोड़ दिया था।

केकेआर के पूर्व सहायक कोच नायर की घर वापसी से निश्चित रूप से टीम को प्रोत्साहन मिलेगा, जिसके वर्तमान में सात मैचों में छह अंक हैं और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे अपने शेष सात मैचों में से कम से कम पांच मैच जीतने की जरूरत है।

नायर ने पहले ही उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर और रमनदीप सिंह जैसे बल्लेबाजों के साथ काम करना शुरू कर दिया है जो इस सत्र की दो कमजोर कड़ी हैं।

इस सत्र में 23.75 करोड़ रुपये के साथ टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी अय्यर ने 24.20 की औसत से केवल 121 रन बनाए हैं, जबकि रमनदीप छह पारियों में सिर्फ 29 रन ही बना पाए हैं।

आंद्रे रसेल के नाम पांच पारियों में सिर्फ 34 रन दर्ज हैं, जबकि रिंकू सिंह ने 38.66 की औसत से 116 रन बनाए हैं। बल्लेबाजों में केवल कप्तान अजिंक्य रहाणे (221 रन, 2 अर्द्धशतक) और युवा अंगकृष रघुवंशी (170 रन) ने ही अच्छा प्रदर्शन किया है।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।